सूर्योदय 6:11 सूर्यास्त 6:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 24.2 अधि |
| धर्मशाला | 19.9 न्यू | 31.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85169.87 |
| निफ्टी | 26004.15 |
| सोना 76,996 | चांदी 94,714 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



पेरिस फैशन वीक में दिखा सोनम कपूर का जलवा

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 26 सितंबर 2024 | 11 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 280, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### गुजरात में भीषण सड़क हादसा, सात की मौत



**साबरकांठा (गुजरात)।** गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार 'ट्रेलर ट्रक' से जा टकराई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गैस कटर का इस्तेमाल कर कार के हिस्से हटाए, जिसके बाद शवों को बाहर निकाला गया।

### खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को दी हत्या की चेतावनी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान से उनकी जान को होने वाले खतरों के बारे में चेतावनी जारी कर आगाह किया है।



ट्रंप की चुनावी अभियान के संचार निदेशक स्टीवन च्यांग ने ट्रंप को राष्ट्रीय खुफिया निदेशालय की ओर से ईरान से उन्हें हत्या के प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। अमेरिका में अस्थिरता पैदा करने और अराजकता फैलाने की कोशिश करना चाहते हैं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पेंशनर्स की मांगों को जल्द पूरा करे सरकार -पेज 2
- बिलासपुर में हिमाचल और पंजाब के दो गुटों में फायरिंग -पेज 3
- प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने किया पुनर्नियुक्ति का विरोध -पेज 10
- जेएंडके का लोकतांत्रिक हक छीना गया: राहुल गांधी -पेज 13
- कानपुर टेस्ट में अश्विन के निशाने पर कई रिकार्ड्स -पेज 14

### कर्नाटक के जज ने मुस्लिम इलाके को पाकिस्तान कहने पर मांगी माफी

# देश के किसी हिस्से को पाक नहीं कह सकते : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने जजों को हिदायत दी है कि वे किसी समुदाय पर कमेंट करते समय लापरवाही न बरतें। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कर्नाटक हाईकोर्ट के जज के विवादित कमेंट का मामला सुना, जिसमें जज ने बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कह दिया था।

सीजेआई ने कहा कि आप देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते हैं। यह देश की एकता के मौलिक सिद्धांत के खिलाफ है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशनंदा के इस कमेंट का वीडियो



वायरल हो गया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले की सुनवाई शुरू की। वीडियो के वायरल होने के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने बिना परमिशन के कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि कोर्ट की प्रक्रिया में अधिकतम पारदर्शिता लाने के लिए उसे ज्यादा से ज्यादा प्रकाश में लाने की जरूरत है। कोर्ट में जो कुछ भी होता है, उसे दबाना नहीं चाहिए। सब कुछ बंद कर देना नहीं है। इसके बाद जस्टिस श्रीशनंदा ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांग ली। सीजेआई की बेंच ने माफी मंजूर करते हुए केस बंद कर दिया है।

#### न्याय की आत्मा ही निष्पक्ष और न्यायसंगत


**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि न्याय की आत्मा ही निष्पक्ष और न्यायसंगत होना है। हर जज को अपने झुकाव का ध्यान होना चाहिए। जागरूकता के आधार पर हम ईमानदारी से निष्पक्ष और न्याय संगत फैसला दे सकते हैं। हम इस बात पर इसलिए जोर दे रहे हैं, क्योंकि हर किसी को यह समझना जरूरी है कि फैसला सुनाने के पीछे सिर्फ वही मूल्य होने चाहिए, जिनका जिक्र भारतीय संविधान में किया गया है। अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं, जिन्हें समाज के किसी भी वर्ग के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त माना जाए।

# हिमाचल में भी रेहड़ी-फड़ी, ढाबा मालिकों को लगानी होगी नेमप्लेट

### विक्रमादित्य ने फेसबुक पर दी यूपी का मॉडल अपनाने की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** सरकार ने भी उत्तर प्रदेश सरकार का मॉडल अपना लिया है। अब हिमाचल में भी यूपी की तर्ज पर हर ढाबे, फास्ट फूड कॉर्नर और रेहड़ी-फड़ी पर मालिकों को नेमप्लेट लगानी होगी, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।



यह जानकारी शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर दी। उन्होंने बताया कि हमने शहरी विकास और नगर निगम के अधिकारियों के साथ एक बैठक की है, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि राज्य में स्वच्छ भोजन बेचा जाए। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भोजन को लेकर लोगों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं, जिस पर विचार करते हुए हमने उत्तर प्रदेश की भांति नीति हिमाचल में भी लागू करने का निर्णय लिया है। हिमाचल में यह अनिवार्य कर दिया गया है कि सभी भोजनालयों और स्ट्रीट वेंडरों को अपना नाम और आईडी दिखानी होगी।

#### शिमला शहर में 1059 तहबाजारी

**शिमला** नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार, शहर में 1059 तहबाजारी हैं। इनमें 750 पंजीकृत, जबकि 309 गैर पंजीकृत तहबाजारी हैं। हालांकि, हाल ही में किए गए सर्वे में करीब 540 तहबाजारी ही मिले हैं। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि सर्वे के बाद से कई तहबाजारी गायब हैं। नगर निगम को इसे चेक करना चाहिए।

#### राजधानी में इसी साल लागू होगी नई तहबाजारी नीति

**विक्रमादित्य** ने कहा कि शिमला में इसी साल नई तहबाजारी नीति लागू हो जाएगी। नगर निगम को इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं। 31 दिसंबर तक नई तहबाजारी नीति लागू करने की प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। प्रदेश सचिवालय में तहबाजारियों के मुद्दे पर हुई बैठक में नगर निगम की ओर से तैयार नई तहबाजारी नीति की समीक्षा की है। प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले तहबाजारियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसके बाद सरकार ने एक कमेटी बनाई है, जो चर्चा करेगी कि कैसे तहबाजारियों को बसाया जा सकता है। इनके लिए क्या नियम हो सकते हैं, इस पर भी चर्चा की जा रही है।

## पड़ोसी राज्यों की तुलना में हिमाचल में उद्योगों को सस्ती बिजली : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेशकों को बढ़ावा देने के दृष्टिगत उद्योग मित्र नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।



उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के उद्योगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि 33 केवी से 220 केवी तक की वोल्टेज आपूर्ति वाले बड़े उद्योगों को पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड की तुलना में एक रुपए प्रति यूनिट से अधिक सस्ती दरों पर बिजली दी जाएगी। इससे यह प्रमाणित होता है कि हिमाचल के उद्योगों को अभी भी पड़ोसी राज्यों की तुलना में सस्ती बिजली का लाभ मिल रहा है। राज्य में केवल 159 उद्योग हैं, जिनकी आपूर्ति वोल्टेज 33 केवी से 220 केवी तक है।

### जेएंडके विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण, 239 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

## रियासी में सबसे ज्यादा 71.81% वोटिंग

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर में बुधवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हुआ। छह जिलों की 26 सीटों पर चुनाव लड़ रहे 239 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।

सबसे ज्यादा श्रीनगर जिले की आठ, रियासी में 3, बडगाम में पांच, राजौरी में पांच और पुंछ में तीन और गांदरबल में दो सीटों पर मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने बताया कि जेएंडके में 56.05



फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। रियासी जिले में सबसे ज्यादा 71.81 फीसदी और सबसे कम श्रीनगर जिले में 27.31 फीसदी वोट पड़े।

## जस्टिस राजीव शकधर बने हिमाचल के मुख्य न्यायाधीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**न्यायाधीश** राजीव शकधर ने बुधवार को हिमाचल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**राजभवन में राज्यपाल शुक्ल ने दिलाई शपथ**

हिमाचल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति शकधर का कार्यकाल बेहद छोटा होगा, क्योंकि वह 18 अक्तूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। 19 अक्तूबर, 1962 को जन्मे न्यायमूर्ति शकधर को 11 अप्रैल, 2008 को दिल्ली उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया और 2011 को वह स्थायी न्यायाधीश बने।



## न्यूज ब्रीफ

### नेरवा कॉलेज में एनएसएस ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई ने अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवियों को शुभाशीष देते हुए उनके समर्पण और सामाजिक सेवा के महत्व पर जोर दिया।



एनएसएस का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना को जागृत करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपप्राचार्य प्रो. बलवीर सागर कलसाइक ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस के स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर नेरवा महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर नरेंद्र नेगी अधीक्षक मदन चौहान व हरीश शर्मा तथा महाविद्यालय के अन्य समस्त प्राध्यापक व गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार ने किया कोटखाई बाजार का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कोटखाई नायब तहसीलदार कलम सिंह ने बुधवार को कोटखाई बाजार में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कोटखाई तहसील कार्यालय के अधिकारी एवं एसएचओ कोटखाई भी मौजूद रहें। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों पर रेट लिस्ट लगाकर रखें। जिस भी दुकान पर रेट लिस्ट नहीं लगी होगी। दुकानदार पर सख्त करवाई की जाएगी।



### एनएसएस स्थापना दिवस पर स्वच्छता की शपथ ली

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में 56वां एनएसएस स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने सद्भावना गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज किया और स्वच्छता से जुड़ी शपथ ली। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों ने कविता पाठ भी सुनाया और विद्यालय परिसर में सफाई की। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे विद्यालय परिसर में रोपित किए गए। प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने स्वयंसेवियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी।

### दशहरा मेले की बैठक 27 सितंबर को जुन्गा में

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** क्योंथल क्षेत्र का पारंपरिक जिला स्तरीय दशहरा मेला जुन्गा के आयोजन हेतु 27 सितंबर को पुलिस ग्राउंड जुन्गा में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम शिमला ग्रामीण द्वारा की जाएगी। यह जानकारी तहसीलदार जुन्गा नरायण सिंह वर्मा ने दी है। उन्होने मेला समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें ताकि मेले को मनाने के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके।

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई एवं साथ ही स्वच्छता रैली व स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटी में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने समूचे बाजार और आस-पास से पांच किलोग्राम कचरा इकट्ठा किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी व उन्हें सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक मौजूद रहें।

### छह शिक्षा खंडों के 2194 बच्चों ने दी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, दधौल।** अंतरस्वर्ण जयंती विद्यार्थी अनुसंधान योजना कोचिंग कार्यक्रम के तहत मेडिकल और इंजीनियरिंग में करियर बनाने के इच्छुक 11वीं और 12वीं कक्षा के सरकारी स्कूल के मेडिकल और नॉन मेडिकल के छात्रों के लिए ऑफलाइन चयन परीक्षा आयोजित की गई। इस चयन परीक्षा का प्राथमिक उद्देश्य उन योग्य छात्रों की पहचान करना है, जो मजबूत शैक्षणिक क्षमताओं और मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में गहरी रुचि प्रदर्शित करते हैं। इस परीक्षा को बिलासपुर जिला के छह शिक्षा खंडों में आयोजित की गई, जिसमें घुमारवीं 1, घुमारवीं 2, झंडूता, स्वारघाट, नैना देवीऔर सदर के 2194 बच्चों ने भाग लिया। 10+1 के मेडिकल के 557 और नॉन मेडिकल के 561 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि 10+2 के मेडिकल के 467और नॉन मेडिकल के 609 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार, मोरसिंघी, कपाहड़ा, कुठेड़ा, के 203 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा मे भाग लिया।



### गुड टच, बैड टच के बारे में किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय उच्च पाठशाला छंदोह में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की तरफ से पोषण अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता घुमारवीं खंड की महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत वृत दधोल पर्यवेक्षक सपना शर्मा ने की। सपना शर्मा ने बच्चों को संतुलित आहार के बारे जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे जागरूक किया। इसके अतिरिक्त लड़कियों को उनके स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जानकारी दी। इस समय पर पाठशाला मुख्यध्यापक संजीव कुमार राव, अध्यापक महेंद्रपाल शर्मा, संजय कुमार, केशव भारद्वाज, परमानंद शर्मा, अनिल कुमार, शशिपाल सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं मे मीरा, ममता, अंजना, सोनिका सहित स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नील कमल ने भाग लिया।

### मोरसिंघी स्कूल ने जिला खेलों में जीते मेडल




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर के मोरसिंघी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलों में विभिन्न मेडल जीते हैं। मेडल जीत कर स्कूल पहुंची खिलाड़ियों का स्कूल प्रशासन व बच्चों ने स्वागत किया। प्राचार्या अनिता राव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल की छात्राओं ने मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि मेडल जीतने के लिए सभी खिलाड़ियों व स्टाफ को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्कूल अंडर-14 में कुश्ती, हैंडबॉल, एटलेटिक्स व मार्च पास्ट में प्रथम, जूडो, ताईक्वांडो में द्वितीय रहा। अंडर-14 लड़कों में हैंडबॉल में प्रथम रहे। अंडर-19 लड़कियों में हैंडबॉल प्रथम, फुटबॉल प्रथम, जुडो, रेसलिंग प्रथम। इसके साथ ही टीम ऑल राउंड बेस्ट रही। ताईक्वांडो में द्वितीय रहे। लड़कों में हैंडबॉल प्रथम व कबड्डी द्वितीय रहे। उन्होंने कहा कि इसका सारा श्रेय हैंडबॉल कोच स्नेहलता, डीपी जगदीश, पीटीआईए व अन्य को जाता है।

# महाविद्यालय में अराजकता फैलाना बंद करे एसएफआई : अंकुश

## शिक्षा का माहौल खराब करने की हो रही कोशिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय-समय पर छात्र व सामाजिक मुद्दों पर अपनी बातों को रखता आया है, इसी के निमित्त अगर शिमला की बात करें तो लगभग एक महीने से ही संजौली महाविद्यालय में एसएफआई के कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार वहां पर अध्यापकों के साथ बदसलूकी वह शिक्षा के माहौल को खराब करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला के महानगर मंत्री अंकुश ने कहा कि संजौली महाविद्यालय में एसएफआई के कुछ शरारती तत्वों द्वारा महाविद्यालय का माहौल खराब करने का प्रयास लगातार एक माह से किया जा रहा है, इससे महाविद्यालय में अनुशासन और दूर-दूर से आए छात्रों की पढ़ाई का माहौल भी खराब हो रहा है। इतना ही नहीं बल्कि कुछ बाहरी शरारती तत्वों द्वारा भी महाविद्यालय में आकर कॉलेज के प्रोफेसर के साथ बत्तमीजी व गेट पर खड़े कॉलेज स्टाफ के साथ हाथापाई करते हैं और बिना आज्ञा के अंदर आ जाते हैं। महाविद्यालय में ऐसा बार-बार एसएफआई द्वारा किया जा रहा है जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई व महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था बार-बार बिगड़ रही हैं। परिषद महाविद्यालय व पुलिस प्रशासन से अनुरोध करती है कि इस सभी शरारती तत्वों के खिलाफ जल्द ही कोई कार्रवाई की जाए ताकि महाविद्यालय फिर से सुचारु रूप से चल सके।



### झंझीड़ी में एचआरटीसी की बस खराब, लोग परेशान

**शिमला।** शिमला के झंझीड़ी सड़क पर एक सरकारी बस खराब हो गई। जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, आधे घंटे तक लंबा जाम लग रहा, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह घटना बुधवार सुबह सामने आई। जब शिमला के खलीनी-झंझीडी रूट पर 9 बजे चलने वाली सरकारी बस झंझीडी से वापस सवारी लेकर शिमला की तरफ आ रही थी, तो मिस चैंबर के करीब खराब हो गई। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस सवारियों से पूरी भरी हुई थी। बस के बीच सड़क में खराब होने के कारण शिमला से झंझीडी की तरफ जा रही सरकारी दूसरी बस वहां से नहीं गुजर पाई और वहीं फंस गई। जिसके कारण खलिनी मेहली बाइपास तक जाम लग गया जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

## कृषि के बाद देश में दूसरा सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र परिवहन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट वर्करज एवं ऑपरेटर यूनियन का राज्य अधिवेशन कालीबाड़ी हॉल शिमला में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर लक्ष्मैया ने किया। अधिवेशन को कश्मीर सिंह ठाकुर, विजेंद्र मेहरा व प्रेम गौतम ने संबोधित किया।

अधिवेशन में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें बलबीर राणा को अध्यक्ष, सुनील बरवाल महासचिव, विनोद बिरसांटा कोषाध्यक्ष, विजय शर्मा, विकास राणा, मनोज टंडन, अमर चंद गजपति, मुनीत उपाध्यक्ष, सुरेश, नवीन, कैलाश चंद, हकम खान, विकेश विक्कू को सचिव, मथुरा दास, मनोहर शर्मा, रूप चंद, मोहन लाल व प्रेम चंदेल को कमेटी सदस्य चुना गया। यूनियन ने निर्णय लिया है कि परिवहन मजदूरों व ऑपरेटरों की मांगों को लेकर यूनियन का एक राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिलेगा। वक्ताओं ने कहा कि कृषि क्षेत्र के बाद देश में दूसरा सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र परिवहन क्षेत्र है। इस क्षेत्र में देश में दस करोड़ से ज्यादा लोग सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं।

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में मनाया अंतरराष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस



राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहडू में अंतरराष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस पर उपस्थित स्टूडेंट्स व शिक्षक।

**दशमी रावत, रोहडू**

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहडू में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डी-फार्मेसी के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन मनोज शुक्ला ने किया। उन्होंने फार्मासिस्ट दिवस पर प्रकाश डाला और इसको क्यों मनाया जाता है, इस पर विस्तृत जानकारी दी और सभी को शपथ ग्रहण करवाई गई। इस दिवस पर द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष में आए विद्यार्थियों के लिए फ्रैशर वेलकम समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमें नए छात्रों का परिचय भी कराया गया।

इस अवसर पर किन्नौर के प्रधानाचार्य डॉ. पुनीत सूद ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विस्तृत रूप से इस दिवस की महत्ता को बताया व रोहडू के कार्यकारी प्रधानाचार्य और फार्मेसी के विभागाध्यक्ष शशि शर्मा ने इस अवसर पर भाग लेने वालों का धन्यवाद किया। इस दिवस के बारे में भी अपने विचार प्रस्तुत किए और उन्होंनें फार्मेसी क्षेत्र के वैज्ञानिक लॉर्ड धनवंत्रा, चरका, सुश्रुता, एमएल श्रॉफ को फार्मेसी क्षेत्र में उनके योगदान के लिए याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में उत्तम चंद, आगम खन्ना, सेजल सौरव व पोस्टर मेकिंग में बनीता, जारा, नेहा, राघव, बाल छात्रावास के छात्रों और हर्ष ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष के वार्षिक परिणाम में संस्थान में प्रथम और बोर्ड से द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उत्तम चंद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता मोती शर्मा, प्रवक्ता महेश चौहान, उदय चौहान, भारत भूषण शर्मा, मनोज शुक्ला, लोकेंद्र सिंह, सुनील, निशा शर्मा इत्यादि सभी स्टाफ मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ आरंभ हुआ। इसके पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुष्मिता ठाकुर ने मुख्यातिथि डॉ. आरएल शर्मा, विशेष अतिथि डॉ. विजय जिंटा और डॉ. सीबी मेहता और सम्मानित अतिथि डॉ. उज्ज्वल राठौड़ का स्वागत भाषण दिया। समारोह में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन ने सत्र 2023-24 के दौरान एनएसएस गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक, भाषण, कविता, एकल नृत्य, एकल गीत, रेट्रो नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दर्शकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान जिंटा ने एनएसएस इकाइयों की सामाजिक आउटरीच गतिविधियों पर जोर दिया ताकि इसे वास्तविक अर्थों में प्रभावी बनाया जा सके और एनएसएस फाउंडेशन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके। यह स्थापना दिवस कार्यक्रम समारोह एनएसएस अध्यक्ष सूर्य प्रकाश के धन्यवाद भाषण के साथ समापन हुआ। (अनंत ज्ञान)




## जंगली जानवरों के हमलों में मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा दे सरकार




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जंगली जानवरों से होने वाली समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा और अखिल भारतीय कृषि मजदूर यूनियन ने संसद मार्च का आयोजन किया। किसान संगठनों ने समस्या के लिए सरकार की नीतियों को दोषी ठहराते हुए आरोप लगाया कि सरकार की गलत वनीकरण नीतियों की वजह से यूकेलिल्पिट्स बबूल, सागवान, महोगनी, चीड़, अफ्रीकी ट्यूलिप जैसी किस्मों को बढ़ावा देने से समस्या और विकट हुई है। इन प्रजातियों की वजह से भूजल में गिरावट आई है।

वन विभाग की इस आपराधिक लापरवाही की वजह से भोजन व पानी की तलाश में वन्य जीवों के वनों से बाहर आने के लिए मजबूर किया है। हिमाचल की ओर से हिमाचल किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हिमाचल के किसानों ने जंगली जानवरों से निजात के लिए 10 साल तक लगातार संघर्ष किया और बंदरों को वर्मिन घोषित करवाया। लेकिन अभी भी सरकार जंगली जानवरों की सांइटिफिक कलिंग करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समय आवारा-नाकारा पशु भी प्रदेश के लिए एक बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं।

किसान संगठनों ने जंगली जानवरों से लोगों की सुरक्षा की मांग की और मारे गए लोगों को एक करोड़ रुपए देने और गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की भी मांग की। अखिल भारतीय किसान सभा व अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन केंद्र सरकार को 10 सूत्रीय मांगपत्र देकर इसे शीघ्र पूरा करने की मांग की। वन्य जीवों के हमलों से मानव जीवन, संपत्ति व आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए भारतीय वन अधिनियम 1927, वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम 1972, वन संरक्षण अधिनियम 1980 में संशोधन करो।

# जिला परिषद की बैठक में गूंजे सड़क, बिजली व पानी के मुद्दे

## सदस्यों ने जिले में स्थापित प्रोजेक्टों में बाहरी राज्यों के ज्यादा लोगों को रोजगार देने पर जताया ऐतराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय में बुधवार को जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बिमला देवी ने की। बैठक में लंबे अरसे से त्रिफलघाट से बिलासपुर और जबलु झंडूता से घुमारवीं चलने वाली बस को बिलासपुर तक चलाने पर विभाग द्वारा कार्रवाई न करने पर सदस्यों ने रोष प्रकट किया। इस विषय पर अध्यक्ष बिमला देवी ने विभाग को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में सदस्य बलीराम टैगोर ने लैहड जब्लयाणा योजना पर विभाग से जानकारी मांगी और विभागीय अधिकारी ने बताया कि लैहड जब्लयाणा योजना को कोलडैम योजना की पाइप लाइन डाल दी गई है। रोड विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर भी प्रगति पर है। उपाध्यक्ष



जिला परिषद ने कहा कि फोरलेन के निर्माण होने से गरामोडा से बाया स्वारघाट तनबौल कल्लर से कोठीपुरा सड़क पर लोगों को रोजगार मुहैया करवाने के लिए चर्चा की गई। उद्योग विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र में लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए निदेशक उद्योग की अध्यक्षता में संयुक्त निरीक्षण समिति द्वारा इस क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण किया गया हैं और भूमि उपलब्धता के अनुसार उद्योग स्थापित करने की संभावना को तलाशा जा रहा हैं। जिला में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट में बाहरी राज्यों के लोगों को ज्यादा रोजगार देने के मामले में चर्चा की गई इसके अतिरिक्त बाहरी राज्यों से जिला में काम कर रहे लोगों के संबंधित कंपनी द्वारा पुलिस स्टेशन में रजिस्ट्रेशन करवाई गई है या नहीं इसके बारे में पूरा ब्योरा मांगा गया। बैठक में उपाध्यक्ष मान सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित मकान का विभाग से ब्यौरा मांगा। संबंधित विभागीय अधिकारी ने बताया कि जिला बिलासपुर के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1793 मकान आवंटित हुए हैं, जिसमें से 1280 मकान आवंटित कर दिए गए हैं।

### ब्रह्मपुत्र-दयोथ सड़क के बार-बार बंद होने का मामला उठाया

**बैठक** में सदस्य सत्या देवी ने ब्रह्मपुत्र से दयोथ सड़क पर काली मिट्टी नामक स्थान सड़क बार-बार बंद होने से स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस जगह का प्राक्कलन कर लगभग 5 लाख रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है और प्रशासन द्वारा धन मुहैया करवाने पर कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। सदस्य शैलजा शर्मा ने बेहना झट्टा की 13 ग्राम पंचायत में बार-बार बिजली के कट लगने और कुछ ग्राम पंचायत में कम वोल्टेज की समस्या को उठाया और हाउस ने विभाग को जल्द से जल्द इस क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश दिए।

## सहकारी बैंक के निदेशक सुनील ने सीमेंट कंपनियों पर खड़े किए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक निदेशक मंडल सदस्य एवं युवा कांग्रेस नेता सुनील शर्मा ने प्रेस को जारी बयान के माध्यम से सीमेंट कंपनियों द्वारा निरंतर बढ़ाए जा रहे सीमेंट के दामों को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कंपनी प्रबंधन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि सीमेंट के दामों पर नियंत्रण नहीं रखा गया तो इन कंपनियों के विरुद्ध आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वे इस मामले को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष उठाएंगे। सुनील शर्मा ने कहा कि एसीसी अडाणी सीमेंट, अंबूजा, जेपी आदि सीमेंट कंपनियों ने हिमाचल में ही कारखाने लगाए हैं तथा यहीं से सीमेंट उत्पादन कर यहीं पर मंहगे दामों में बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में इन कंपनियों द्वारा करीब पचास रुपए प्रति सीमेंट बैग के बढ़ाए गए हैं, जिसका सीधा असर हिमाचल वासियों पर पड़ रहा है। हिमाचल में बनने वाला सीमेंट हिमाचल में कम से कम सस्ता होना चाहिए, लेकिन कंपनियां हिमाचल ही में इस सीमेंट का मंहगी दरों में बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि बरमाणा में एसीसी, अडाणी सीमेंट कंपनियों द्वारा सीमेंट की प्रोडक्शन कम की जा रही है। इसका असर हजारों की संख्या में ट्रक ऑपरेटरों पर पड़ रहा है। इन लोगों ने बैंकों से भारी भरकम कर्ज लेकर अपना व परिवार का पेट भरने के लिए ट्रक रोजगार के तौर पर डाले हैं, लेकिन काम कम होने की वजह से इन्हें भी भूखों मरने की नौबत आ सकती है।



## भारत का लोकतंत्र और संविधान खतरे में: कर्म सिंह

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं के अंबेडकर भवन में बुधवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीताराम कौंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह ने कहा कि भारत का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जिलाध्यक्ष सीताराम कौंडल ने 1 अगस्त, 2024 को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एससी-एसटी वर्ग के आरक्षण में कोटा में कोटा व इसमें भी क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले को निरस्त करने के लिए सरकार से अध्यादेश लाए जाने तथा एससी/एसटी के आरक्षण को संविधान की नई अनुसूची में शामिल करने की अपील की।



## कसोल में 2.25 लाख से अधिक मछली का बीज डाला

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

मत्स्य विभाग बिलासपुर की ओर से मंगलवार को कोलडैम के कसोल में करीब 2.25 लाख से अधिक मछली का बीज डाला गया है। इसमें कतला और सिल्वर कार्प प्रजाति का बीज डाला गया। जानकारी देते हुए सहायक निदेशक मत्स्य मंडल बिलासपुर पंकज ठाकुर ने बताया कि सिल्वर कार्प मछली की प्रजाति का 1.50 लाख और कतला प्रजाति का 75 हजार बीज डाला गया है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के टेंडर द्वारा अनुमोदित फर्म ने पहली खेप के रूप में उपरोक्त दो प्रकार का मत्स्य प्रजाति का बीज कोल डैम में डाला।

इसके अलावा 21 सितंबर को विभाग ने अपने मत्स्य फॉर्म दयोली घागस से करीब 92 हजार कॉमन कार्प प्रजाति का बीज कोलडैम के सुई क्यार स्थान में डाला है। मत्स्य विभाग की ओर से जल्द ही मत्स्य बीज की दूसरी खेप को भी डाल दिया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में कोलडैम क्षेत्र में चार मत्स्य सहकारी सभाएं कार्य कर रही हैं। इस मौके पर मीतू सिंह सहायक निदेशक मत्स्य मंडल मंडी और मत्स्य अधिकारी कसोल विशेष रूप से मौजूद रहे।

## बिजली के अघोषित कटों से ग्रामीण और व्यापारी परेशान

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

डंगार चौक में इन दिनों बिजली के अघोषित कटों से ग्रामीण और व्यापारी परेशान है। बिना किसी सूचना के बिजली बोर्ड द्वारा बिजली का कट लगाया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन लोगों का कार्य यहां पर प्रभावित हो रहा है। घुमारवीं उपमंडल के गांव दख्यूत, हरित्यांगर, दधोल, पट्टा, चोखना व अन्य गांवों के लोगों का कहना है कि बिजली कट को लेकर किसी तरह की कोई सूचना नहीं होती। स्थानीय निवासी सोनू कुमार, कृष्ण चंद, शशिकांत, अभिषेक, अकुंश पंडित, अमर सिंह, प्रिंस कुमार, अजय कुमार, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, प्रीतम चंद, राकेश कुमार, मनोज कुमार, सतपाल, नंदलाल, देवीदास व अन्य ने बताया कि बिजली विभाग के एक्सईएन से लेकर जेई तक कोई भी अधिकारी फोन नहीं उठाता। जब इस बारे ग्राम पंचायत डंगार प्रधान अनीता धीमान से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं अगले कल ही मीटिंग में एक प्रस्ताव पारित करके विद्युत विभाग को देने जा रही हूं कि कम से कम व्यापार मंडल डंगार चौक की लाइट को सुचारू रूप से चलाई जाए, ताकि स्थानीय लोगों को और स्थानीय व्यापारियों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े और व्यापारियों को भी अपने व्यापार में हानि न उठाने पड़े। (अनंत ज्ञान)

**मांग** घुमारवीं में विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर ने की बैठक, मांगों पर की चर्चा

# पेंशनर्स की मांगों को जल्द पूरा करे सरकार

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई द्वारा बुधवार को मसिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता इकाई प्रधान इं. रामलाल शर्मा ने की। बैठक में चीफ इंजीनियर एचएस चंदेल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने सभी पेंशनर्स को संबोधित करते हुए संघ द्वारा किए जा रहे विशेष कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने सभी पेंशनर्स से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर डाला। बैठक में सर्वप्रथम प्रदेश कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुखराम, वरिष्ठ उप प्रधान गंगा प्रसाद, महासचिव के एल शर्मा, केएस सम्बयाल, दिलाराम, गुरुदेव कौशल, ब्रह्म दत्त शर्मा, एचएस चंदेल ने पेंशनर्स की लंबित पड़ी मांगों में जनवरी, 2016 से रिवाइज पेंशन की देनदारी की अदायगी, महंगाई भत्ते की 12 फीसदी बढ़ोतरी देय तिथि से जारी करना, लंबित चिकित्सा बिलों का तुरंत भुगतान व प्रत्येक माह की एक तारीख को पेंशन की अदायगी सुनिश्चित किए जाने के साथ ही अन्य मांगों पर चर्चा की। संगठन ने सरकार व प्रबंधन वर्ग से शीघ्र देवादारियों का भुगतान करने का भी आग्रह किया। सभी पेंशनर्स ने बोर्ड की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के लिए प्रबंधन वर्ग को जिम्मेदार ठहराया। बैठक को संबोधित करते हुए इकाई प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा ने कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। इस मौके पर जल्द ही राज्य स्तरीय कार्यकारिणी का घुमारवीं में अधिवेशन बुलाने व आयोजन करने के बारे में भी रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में रमेश चंद, सतीश चंदेल, पीडी चंदेल, पीसी शर्मा, आर पी शर्मा, रतनलाल महाजन, ध्यान सिंह, देवराज, बलदेव राज, सुरेश ठाकुर, बंसी राम, राय सिंह, दौलत राम, धनीराम, प्रेम सिंह, लेखराम, गंगाराम, मनमोहन भट्टी सहित करीब 97 पेंशनर्स ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



## संजौली मस्जिद विवाद पर एसपी शिमला संजीव गांधी ने किए खुलासे

# आठ एफआईआर, 70 से 80 पत्थरबाजों की हुई पहचान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में संजौली मस्जिद विवाद पर 11 सितंबर को बड़ा प्रदर्शन हुआ था। इस प्रदर्शन में पत्थरबाजी भी हुई और सरकारी संपत्ति को नुकसान भी पहुंचाया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करते हुए लाठियां भांजी और वॉटर केनन का भी इस्तेमाल किया। अब इस मामले की पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, ये प्रदर्शन पूरी तरह से सुनियोजित था, पुलिस पर पत्थरबाजी की साजिश रची गई थी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं था और इस प्रदर्शन की आड़ में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। इस पूरे मामले में 8 एफआईआर दर्ज की गई है।

400-500 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से अब तक करीब पौने 200 लोगों की पहचान हुई है। इसके अलावा 70 से 80 पत्थरबाजों की भी पहचान हो चुकी है। शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी ने इसकी पुष्टि की है। गौरतलब है कि संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण का मामला नगर निगम शिमला के कमिश्नर की अदालत में विचाराधीन है और 5 अक्तूबर को यहां पर सुनवाई होगी।



फाइल फोटो

### नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान की गई : एसपी शिमला



**शिमला** के एसपी संजीव कुमार गांधी ने कहा कि कुल 8 मामले दर्ज किए गए हैं। पत्थरबाजों समेत सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान कर ली गई है, ये प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं था। पुलिस के जवानों पर हमला भी किया गया। कानून के तहत ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और इस मामले में पुख्ता सबूत जुटाने के बाद गिरफ्तारी की जाएगी और पूरी साजिश का पर्दाफाश किया जाएगा। पुलिस की तफ्तीश जारी है, इससे ज्यादा जानकारी साझा नहीं की जा सकती है।

### पुलिस अफसर का बेटा भी निकला पत्थरबाज

**अब** तक की जांच में यह भी सामने आया कि कुछ लोगों ने जनभावनाओं का भी फायदा उठाया। अधिकतर लोग शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करना चाहते थे और अपनी भावनाओं और आवाज को सरकार के कानों तक पहुंचाना चाहते थे। इसकी आड़ में कुछ लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की साजिश की रची। हालांकि इस प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों के साथ-साथ प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों को भी चोटें आई हैं। पुलिस जांच में ये भी सामने आया है कि पुलिस पर पत्थर बरसाने वालों में एक पुलिस अधिकारी का बेटा भी शामिल है। इस प्रदर्शन के पीछे धनबल और राजनीतिक साजिश की आशंका के पहलू पर भी पुलिस जांच कर रही है।

# एआईएमआईएम नेता शोएब जमई ने कहा-हाईकोर्ट में करेंगे पीआईएल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में मस्जिद विवाद अभी थमा नहीं है। इस बीच एआईएमआईएम नेता शोएब जमई ने कहा कि इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल करेंगे।

एआईएमआईएम के दिल्ली अध्यक्ष डॉ. शोएब जमई ने शिमला पहुंचकर संजौली मस्जिद का दौरा लिया। इस दौरान उन्होंने इस संबंध में मस्जिद का एक वीडियो बयान अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट किया। साथ ही लिखा, शिमला की संजौली मस्जिद के आसपास जितनी भी बिल्डिंग है, सब के ऊपर अवैध निर्माण हुआ है। उन सब की ऊंचाई मस्जिद की हाइट से ज्यादा है।

शिमला नगर निगम ने खुद 7000 अवैध निर्माण चिन्हित किए थे। क्या सब पर बुलडोजर चलेगा या सिर्फ मस्जिद को निशाना बनाया गया। इसलिए हमारी टीम ने फैसला

**संजौली मस्जिद विवाद**



किया है कि हम हिमाचल हाईकोर्ट में पीआईएल करेंगे। शोएब जमई ने एक और पोस्ट में लिखा, '1940 और 1960 के सरकारी दस्तावेज में (वक्फ) मस्जिद का सबूत। 100 साल पुरानी मस्जिद की जर्जर हालत होने के बाद दोबारा से बनाया गया था। यह शिमला संजौली मस्जिद का कानूनी दस्तावेज है जिसे मैंने जनहित याचिका के उद्देश्य से मस्जिद समिति से प्राप्त किया है। पहले इसे एकीकृत पंजाब वक्फ बोर्ड द्वारा प्रशासित किया जाता था। बाद में कानून के अनुसार अलग हिमाचल प्रदेश वक्फ बोर्ड का गठन किया गया।

फिर कांग्रेस के मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विधानसभा में झूठ क्यों बोला कि मस्जिद की जमीन सरकारी संपत्ति है? क्या कांग्रेस हाईकमान इस मंत्री पर गलत सूचना फैलाने के लिए कार्रवाई करेगा?

### माहौल खराब न करें

**जामा** मस्जिद संजौली के इमाम मोहम्मद शहजाद ने कहा कि हम एआईएमआईएम नेता शोएब जमई के बयान का खंडन करते हैं। कमेटी अपने पहले लिए गए फैसले पर कायम है। मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ ने कहा कि एआईएमआईएम नेता संजौली का माहौल खराब न करें। उन्हें क्या पता कि शिमला के क्या नियम हैं। हमने खुद नगर निगम आयुक्त को लिखकर दिया है कि हम अवैध ढांचा हटाने के लिए तैयार हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 आईपीएस और 2 एचपीएस अधिकारियों के तबादले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सरकार ने 3 आईपीएस और 2 एचपीएस अधिकारियों के तबादले किए है। साथ ही नियुक्ति आदेश भी जारी किए हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। इनमें नियुक्ति का इंतजार कर रहे साल 2021 बेच के आईपीएस अधिकारी अभिषेक को एसडीपीओ ऊना अंब बनाया है। साल 2022 बेच के आईपीएस गौरवजीत सिंह को एसडी पीओ करसोग मंडी बनाया गया है। साल 2022 बैच के आईपीएस मैहर पंवार को एसडीपीओ परवाणू बनाया गया है। तीनों आईपीएस अधिकारी पुलिस सर्विस की फेज-2 ट्रेनिंग पूरी करने के बाद अपनी पोस्टिंग का इंतजार कर रहे थे। राज्य सरकार ने 2 एचपीएएस अधिकारियों के भी तबादला आदेश जारी किए है। साल 2018 बैच के एचपीएएस अधिकारी वसुधा सूद को अंब ऊना से बदलकर डीएसपी पुलिस सेकिंड इंडियन रिजर्व बटालियन सकोह जिला कांगड़ा नियुक्त किया गया है। वहीं 2019 बेच के एचपीएएस प्रणव चौहान जो परवाण से बदलकर डीएसपी पुलिस की छठी बटालियन धौलाकुआं सिरमौर लगाया गया है।

### खेल-खेल में 10 वर्षीय छात्रा की मौत

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** न्योल टिकरी में एक दस वर्षीय छात्रा की दीवार से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। छात्रा के साथ यह हादसा स्कूल में खेलते समय पेश आया। जानकारी के अनुसार दिव्यांशी पुत्री यशपाल सिंह अन्य छात्राओं के साथ स्कूल में खेल रही थी। इस दौरान दिव्यांशी संतुलन खोने से स्कूल की दीवार से गिर कर अचेत हो गई। परिजन उसे अचेतावस्था में सिविल अस्पताल नेरवा नेरवा लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे छात्रा को घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक हफ्ते के अंदर एक युवक और एक दस वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत से पूरा न्योल क्षेत्र शोक में डूब गया है। बीते गुरुवार को चौपाल-शिमला मार्ग पर चंबी के समीप इस क्षेत्र के एक युवक सुनील की एक कार हादसे में मौत को अभी एक हफ्ता भी नहीं बीता था कि टिकरी स्कूल में एक दस साल की बच्ची की दीवार से गिरकर दर्दनाक मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। प्रशासन की तरफ से तहसीलदार नेरवा विनोद कुमार ने मृतका के परिजनों को 25 हजार रुपए बतौर फौरी राहत प्रदान किए।

### खैर की लकड़ी चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ के सैणीमाजरा बीट से अवैध रूप से खैर काट चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गाड़ी से 4 मोछे खैर के कटे बरामद किए है, जिसे कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार देर रात वन रक्षक वीट रख प्लासी ब्लॉक सैणी माजरा रेंज पर एक गाड़ी को रोका जिसकी तलाशी लेने पर गाड़ी से 4 मोछे खैर के बरामद हुए। जिसे वन कटुओं के द्वारा अवैध रूप से काट चोरी किया जा रहा था जबकि चार आरोपियों को भी मौके पर पकड़ा है, जिनकी पहचान संदीप सिंह पुत्र कुलविन्द्र सिंह, जगतार सिंह उर्फ बग्गा पुत्र मेवा सिंह दोनों निवासी गांव घनोला जिला रूपनगर पंजाब, सुखबीर सिंह पुत्र बलदेव राज निवासी गांव बुंगा साहिब जिला रूपनगर पंजाब और दारा सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी गांव मींयापुर हण्डूर आनंदपुर साहिब जिला रूपनगर पंजाब से हुई।

### अवैध शराब के केस में दो आरोपी धरे

**पांवटा साहिब।** अवैध शराब माफिया के खिलाफ पांवटा साहिब में पुलिस का डंडा चला है, जिसके तहत पुलिस ने 15 लीटर शराब नष्ट की है।अवैध शराब के खिलाफ पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल चालक किरनेश पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव खारा डा.जामनीवाला पांवटा साहिब के कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस थाना पांवटा साहिब में उपरोक्त आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अन्य अभियोग में पुलिस थाना माजरा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जोगेंद्र पाल पुत्र बहादुर सिंह निवासी गांव मटक माजरी डा. माजरा तहसील पांवटा साहिब जो मटक माजरी में करियाना की दुकान करता है। दुकान से 10 लीटर नाजायज शराब बरामद की, जिस पर पुलिस थाना माजरा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सीपीएस अवस्थी ने किया शिलान्यास

**दाड़लाघाट।** प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक अर्की संजय अवस्थी ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में दो अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास किया। सीपीएस संजय अवस्थी ने कहा कि जल्द ही भवन के निर्माण होने से बच्चों को बैठने तथा पढ़ने की सुविधा मिलेगी। शिलान्यास करने के उपरांत सीपीएस संजय अवस्थी ने साइंस लैब के भवन निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को टैंडर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख देने की घोषणा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को मिठाई हेतु 2100 तथा स्कूल प्रबंधन समिति को 11000 देने की घोषणा भी की। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया

# बिलासपुर के बैहल गांव में हिमाचल और पंजाब के दो गुटों में फायरिंग

## बैहल के युवक पर तीन राउंड फायर, परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर किया चक्का जाम

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी**

बिलासपुर जिले के बैहल गांव में हिमाचल और पंजाब के दो गुटों में फायरिंग हो गई। गोली लगने से एक युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे एम्स में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। घटना में घायल हुए युवक की पहचान राकेश कुमार (32) निवासी बैहल के रूप हुई है। हमलावरों ने तीन राउंड फायर किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

जानकारी अनुसार बड़ा बैहल निवासी राजेश कुमार ने पुलिस थाना कोट में शिकायत दर्ज करवाई है कि गत रात जब वह अपने भाई का इंतजार कर रहा था तभी करीब पंजाब के पांच लोगों ने उसके साथ मारपीट की, जिसके बाद उसने अपने दोस्तों को आपबीती बताई।

इसके बाद दोनों गुटों में झगड़ा हो गया। इतने में हैप्पी नाम का एक युवक फायरिंग शुरू कर देता है, जिसमें राजेश के चाचा के बेटे



राकेश की पीठ पर गोली लग जाती है और वह घायल हो जाता है, जिसे एम्स अस्पताल बिलासपुर लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं इस वारदात के बाद से सभी पांचों आरोपी फरार चल रहे हैं।

बैहल में घटी इस वारदात के बाद से घायल राकेश के परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों ने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन मार्ग स्थित गरामोड़ा में चक्का जाम कर प्रदर्शन किया, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल, एएसपी शिव चौधरी व नैनादेवी विधायक रणधीर शर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझा कर प्रदर्शन को रोक जाम खुलवाया।

मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने कहा कि बैहल में घटी इस वारदात को लेकर थाना कोट में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उधर, बिलासपुर एसपी संदीप धवल का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सारे पहलुओं को देखते हुए मामले की गहनता से जांच कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### चक्का जाम करके जताया रोष

युवक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ गरामोडा टोल प्लाजा के पास कीरतपुर नेरचैक फोरलेन मार्ग पर चक्का जाम लगा दिया। उन्होंने रोष जताते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

### रेलवे कार्यों से जुड़ा मामला

कहलूर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह गोलीकांड रेलवे से जुड़े कार्यों को लेकर हुआ है। घटना के सभी आरोपी मौके से फरार हैं, पुलिस उन्हें पकड़ने के प्रयास कर रही है।



## संजौली में लैंडस्लाइड, दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त, लिंक रोड हुआ बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में लैंडस्लाइड के मामले लगातार सामने आ रहे है। ताजा मामला बुधवार को संजौली में सामने आया है। यहां पर भूस्खलन की चपेट में आने से दो गाड़ियां व गन्ने के जूस की एक मशीन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

वहीं लिंक रोड पर भी वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। हालांकि लोक निर्माण विभाग की टीम ने मलबा हटाकर सड़क को बहाल कर दिया है। सूचना के अनुसार घटना मंगलवार देर रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है।

संजौली के इंजनघर में बड़ा लैंडस्लाइड हुआ। बताया जा रहा है कि देर रात हुए लैंडस्लाइड की वजह से स्थानीय लिंक रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया था। गनीमत रही कि हादसे के वक्त गाड़ी में व मौके पर कोई व्यक्ति नहीं था, जिसके कारण हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय व्यक्ति अमित ने बताया कि इंजनघर में मंगलवार रात को हुए लैंडस्लाइड में भारी मलबा गिरा है। जिसकी चपेट में आने से दो गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ है। एक गाड़ी मलबे के नीचे दब गई थी। जबकि दूसरी का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया है।

बुधवार सुबह ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व मशीनरी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क मार्ग बहाल कर दिया है।

## कृषि कानूनों पर बयान को लेकर कंगना रनौत ने जताया खेद

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बीच कृषि कानूनों पर भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान भारतीय जनता पार्टी की परेशानी बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। इस बीच उन्होंने अपने बयान पर खेद जताया है।



मंडी से सांसद कंगना रनौत ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों में मीडिया ने मुझसे कृषि कानूनों पर सवाल किए। मैनें इस दौरान कृषि कानून वापस लाने का सुझाव दिया। मेरी इस बात से बहुत सारे लोग निराश हैं। जब कृषि कानून आया तो बहुत सारे लोगों ने इसका समर्थन किया, लेकिन बड़े ही संवेदनशीलता और सहानुभूति से हमारे प्रधानमंत्री ने ये लॉ वापस ले लिया।'

उन्होंने कहा, 'हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है कि उनके शब्दों की गरिमा रखें। मुझे ये बात भी ध्यान रखना होगा कि मैं सिर्फ एक कलाकार नहीं हूं, बीजेपी की कार्यकर्ता हूं। मेरी राय अपनी नहीं होनी चाहिए, पार्टी का स्टैंड होना चाहिए। अगर मैंने अपने शब्दों और सोच से किसी को निराश किया है तो हमें खेद रहेगा, हम अपने शब्द वापस लेते हैं।'

कंगना रनौत ने अपने बयान के दौरान ही कह दिया था कि यह बयान कंट्रोवर्शियल हो सकता है, लेकिन वह चाहती हैं कि किसान आगे आकर तीन कृषि कानून को वापस लाने की बात करें।

### अणू में दुकानों के आगे ग्राहकों के वाहनों के हो रहे चालान

**हमीरपुर।** डिग्री कॉलेज अणू में स्थित व्यापारी, दुकानदार लगातार हो रहे चालानों से परेशान हैं। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस द्वारा अंधाधुंध किया जा रहे चलानों का विरोध कर इसके खिलाफ आवाज उठाना शुरू कर दी है। व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानों के आगे और सड़क के बीच काफी जगह होती है, जहां उनके ग्राहक अपने दोपहिया वाहन या गाड़ियां थोड़ी देर खड़ी कर खरीददारी करने उनकी दुकानों में आते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों में यह देखा गया है कि वहां पुलिस कुछ मिनट के लिए भी गाड़ियों को खड़ा नहीं करने देती और गाड़ियों के चालान कर देती है। इससे दुकान में ग्राहकों का आना मुश्किल हो जाता है, जिसके कारण से उनका व्यापार प्रभावित होता है।

## कृषि विश्वविद्यालय की जमीन पर स्टे फैसला स्वागत योग्य : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय की जमीन को पर्यटन विभाग को स्थांतरित करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने को लिख कर माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार को अपनी जिद छोड़नी चाहिए।

कृषि विश्वविद्यालय को कृषि से जुड़े शिक्षण प्रशिक्षण और शोध कार्य ही करने देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चरल टीचर्स एसोसिएशन का भी आभार जताया कि उन्होंने सरकार की मनमानी को रोकने के लिए न्याय प्रक्रिया का सहारा लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यूनिवर्सिटी के पास मात्र 400 हेक्टेयर जमीन थी, जिसमें से पहले ही 125 हेक्टेयर जमीन विभिन्न भागों को आवंटित कर दी गई है। अब यूनिवर्सिटी के पास मात्र 275 हेक्टेयर जमीन ही बची हुई है।

ये कृषि विश्वविद्यालय के लिहाज से यह जमीन कोई बहुत ज्यादा नहीं है,जिसपर सरकार की नजरें टेढ़ी हुई है। दुनिया भर के कृषि संस्थानों में इसी तरह हजारों हेक्टेयर जमीने होती है। जिस पर यूनिवर्सिटी के छात्र, प्रशिक्षु, शोधार्थी और प्राध्यापक मिलकर और अलग अलग अपने शोध कार्य करते रहते हैं, जिससे कृषि उत्पादन के क्षेत्र में नई-नई उपलब्धियां हासिल होती है और मानवता का भी भला होता है।

### पं. दीनदयाल ने प्रत्येक पहलू पर दर्शन लिखा : बिंदल

**शिमला।** पं. दीनदयाल की जयंती पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय पर्वाचीन भारत के वो ऋषि हुए, जिन्होंने भारत के प्रत्येक पहलू पर दर्शन लिखा।

विगत दो शताब्दियों में तीन विचारक हुए, जिन्होंने देश की दिशा कैसी होनी चाहिए, पर अपने-अपने दृष्टिकाण से विचार दिए। स्व. राम मनोहर लोहिया और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में कुछ समानताएं होने के बावजूद दीनदयाल जी का चिंतन पूरी तरह भारतीय संस्कृति पर आधारित चिंतन है। दीनदयाल ने अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के विकास को सर्वाधिक बल दिया।

**दुखद** | रखोह पंचायत के कलोट गांव में हुआ हादसा, महज 4 फुट ही था कुएं में पानी

# कुएं में पानी भरने गए दंपती की दम घुटने से मौत

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

कुएं से ताजा पानी की चाह ने पति-पत्नी की एक साथ जिंदगी छीन ली। दोनों की कुएं में दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई। मामला सरकाघाट की रखोह पंचायत के कलोट गांव का है जहां 35 फीट गहरे कुएं में पति और पत्नी के दम घुटने और डूब कर मौत हो जाने का समाचार है।

मिली जानकारी के अनुसार संजीव कुमार (45) पुत्र नानक चंद सुबह की चाय अपनी पत्नी नीलम कुमारी और 75 वर्षीय माता लीला देवी के साथ पी कर अपने घर से करीब 100 मीटर दूर 35 फुट गहरे कुएं से पानी भरने गया और जब वह पानी भरने लगा तो कुएं में आक्सीजन की कमी होने के कारण अचेत होकर वह पानी में गिर गया। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा तो उसकी पत्नी नीलम कुमारी (40) उसे देखने गई। जब वह कुएं के अंदर गई तो देखा कि संजीव कुमार कुएं में सिर के बल अचेत पड़ा था। नीलम कुमारी उसे पानी से बाहर निकालने लगी और वह



भी ऑक्सीजन की कमी के चलते बेहोश हो गई और कुएं में पानी मुंह में चले जाने से उसकी भी मौत हो गई। जब वे दोनों बड़ी देर तक घर नहीं लौटे तो उनकी वृद्ध माता लीला देवी उन्हें देखने गई। जब वह कुएं के पास पहुंची तो देखा कि उसका बेटा और बहू दोनों कुएं में डूब हुए थे।

लीला देवी ने शोर मचा कर गांव वालों को इकट्ठा किया और उन्होंने दोनों को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन दोनों की पानी में दम घुटने से मौत हो चुकी थी और गांव वालों ने पुलिस को घटना बारे सूचित किया। मौके पर पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड कर्मचारी एंबुलेंस सहित घटनास्थल पर पहुंच गए पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया और उनके स्वजनों को सौंप दिए।

संजीव कुमार का एक 21 वर्षीय बेटा निखिल है जो एम फार्मेसी कर रहा है। घर पर सिर्फ अकेली 75 वर्षीय वृद्ध मां है। संजीव कुमार रखोह पंचायत में वार्ड पंच था और उसकी पत्नी नीलम कुमारी आशा वर्कर थी। डीएसपी संजीव गौतम ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

### दोबारा न संवारा होता कुआं तो बच जाती दो जिंदगियां



पिछले साल गांव का यह कुआं हाईवे कंपनी की खुदाई के कारण पूर्णतया मिट्टी से भर गया था। कुएं में सदा बेहद ठंडा पानी भरा रहता था। इसी ताजे पानी की चाह के कारण इस साल पूरे गांव के लोगों ने श्रमदान करके इस कुएं का दोबारा जीर्णोद्धार किया था, अगर कुआं बंद रहता तो दो अनमोल जिंदगियां नहीं जाती।

## गोविंद सागर झील में डूबने से युवक की मौत

**बिलासपुर।** गोविंद सागर झील में डूबने से 29 वर्षीय की मौत हो गई है। अभी तक युवक का शव बरामद नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार बुधवार को सोलन जिले के कसौली स्थित निजी होम स्टे से लगभग 36 कर्मचारी जबली के पास बिलासपुर की गोविंद सागर झील के किनारे पिकनिक मनाने के लिए आए हुए थे।

इन कर्मचारियों ने पहले गोविंद सागर झील में वोटिंग की। इसके बाद जबली शमशानघाट के पास खाना बनाने में लग गए। उसी समय एक 29 वर्षीय युवक दोस्तों के साथ गोविंद सागर झील में नहाने के लिए कूद पडा। जहां पर अधिक गहराई थी, वह वहां से बाहर नहीं निकल पाया।

उसके दो अन्य साथियों तथा वोट मालिक ने भी पानी में कूदकर उसे बचाने का प्रयास किया। परंतु उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। इस युवक की पहचान अरविंद पुत्र मनवर सिंहस उत्तराखंड के रूप में हुई है। एएसपी शिव चौधरी ने मामले की पुष्टि की।



## न्यूज ब्रीफ

### कूहन में जांचा गया 35 लोगों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, डरोह।** द हंस फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुहन में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. मृणाल, डॉ. शुभम ठाकुर एवं सामुदायिक चिकित्सक अधिकारी मिनाक्षी द्वारा 35 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान बीमार लोगों का जरुरत के अनुसार लैब टेस्ट करवाया गया। इस दौरान रोगियों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस बीच गांव कूहन के स्थानीय निवासियों ने शिविर में स्वास्थ्य लाभ लिया।

### विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में एनएसएस दिवस के अवसर पर एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। सीटीओ डॉ. कपिल सूद और शिक्षक इस दौरान मौजूद रहे। प्रोफेसर सुशील ने प्रत्येक को सक्रिय रूप से अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के बाद स्वच्छता के महत्व और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के बारे में समुदाय के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए कॉलेज परिसर तथा बाहर एक रैली आयोजित की गई। एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान पर पोस्टर भी बनाए।

### पालमपुर कॉलेज की महक और साक्षी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश के गणित प्रशिक्षण एवं प्रतिभा खोज ट्रस्ट



द्वारा 16 सितंबर से 21 सितंबर तक एनआईटी हमीरपुर में आयोजित एक सप्ताह के इनीट मैथ-2024 प्रशिक्षण शिविर में राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की द्वितीय वर्ष की छात्राओं महक और साक्षी ने भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. महेंद्रपाल ने बुधवार को इन होनहार छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और भविष्य में भी संदर्भित क्षेत्र गणित में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा तथा अन्य प्राध्यापकों डॉ. अनुपम डोगरा, प्रो. नरेश, डॉ. आदित्य ओझा ने भी सुयोग्य छात्राओं को बधाई दी। छात्राओं ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से गणित विषय के मूलभूत सिद्धांतों को समझने और गणितीय गणनाएं और समस्याओं के समाधानों को तलाशने की प्रक्रिया पर बल दिया गया।

# शहीद के घर तक सड़क पक्की करने को 5 लाख का टेंडर अवॉर्ड

## लोगों ने नगरोटा बगवां के विधायक व कैबिनेट रैंक आरएस बाली का जताया आभार

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

जले के तहत सद्दूं वरग्रां के रहने वाले अमर शहीद ईश्वर दास के घर तक आधी-अधूरी सड़क को पूरा करने के लिए कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने बड़ा कदम उठाया है। नगरोटा बगवां हलके के तहत टीका रंगेहड़ में इस रोड को जल्द मुकम्मल बनाने के प्रयास तेज हो गए हैं। नगरोटा बगवां के विधायक व कैबिनेट रैंक आरएस बाली के प्रयासों से पांच लाख का टेंडर अवॉर्ड होने से सद्दूं पंचायत के टीका रंगेहड़ के ग्रामीणों ने आरएस बाली का आभार जताया है।



सद्दूं की पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी, उपप्रधान दिलीप सिंह ओम प्रकाश शर्मा, देशराज, योगराज, सुरेश कुमार,वार्ड सदस्य प्यार चंद, पूजा कुमारी, अनिता कुमारी, उपासना, कश्मीर सिंह, बीरबल, शेर सिंह, शहीद के बेटे अनिल कुमार व सुदर्शन चौधरी, शशि चौधरी, कमलेश चौधरी, सुनील कुमार, अंकू ठाकुर, कमलेश चौधरी आदि ने कहा कि आरएस बाली ने इस रोड के लिए अनूठी पहल की है। अब यह रास्ता पक्का होने से शहीद के परिवार से किया वादा पूरा हो जाएगा। इस रोड का काम मई 2024 से काम चल रहा है। इस रोड पर कुल आठ लाख 25 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। सड़क का 250 मीटर एरिया सीसी से पक्का किया जा चुका है। बाकी बचे कार्य के लिए ठेकेदार को टेंडर अवॉर्ड कर दिया है। यह विभाग का बजटेड रोड है। साल 2017-18 में इसके बारे में एक प्रोपोजल नाबार्ड को भेजी जा चुकी है। वहां से बजट मिलता है, तो और शानदार रोड बनकर तैयार होगा। (अनंत ज्ञान)

### 2006 में पुलवामा में शहीद हुए थे ईश्वर दास

**प्रधान** अर्चना कुमारी ने बताया कि साल 2006 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकी मुठभेड़ में ईश्वर दास ने शहादत पाई थी। उस समय नेताओं व सरकारों ने उनके परिवार से कई वादे किए थे, उसमें एक वादा उनके घर टीका रंगेहड़ तक पक्की सड़क बनाने का था। दूसरी ओर एंटी टैररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार, सहकारी सेवा समिति के प्रधान व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। रोड के काम में विभाग को जो भी सहयोग चाहिए, वह दिया जाएगा। लंबे समय से इस रोड का काम अधूरा चल रहा था, अब सरकार खासकर आरएस बाली ने अच्छी पहल की है, यह पूरे बड़ोह और नगरोटा बगवां हलके लिए अच्छी बात है।

# साडा पर निर्णय वापस नहीं लिया तो होगा चक्का जाम



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

टाऊन एवं कंट्री प्लानिंग विभाग व साडा में शामिल हुईं 5 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को एक बार फिर साडा को वापस करने की मांग प्रदेश सरकार से की है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अगर पंचायतों को साडा व टीसीपी से बाहर नहीं किया तो बैजनाथ के चौबीन चौक पर चक्का जाम करेंगे।

इसके अलावा अगर फिर भी नियमों को वापिस नहीं लिया तो बीड़ में वर्ल्ड कप का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीसीपी में एक आम आदमी को घर या एक कमरा बनाने के लिए पहले तो प्रमीशन के लिए भारी भरकम राशि खर्च करने पड़ेगी। उसके अलावा पालमपुर स्थित कार्यालय के चक्कर काटने पड़ेंगे। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि वे विकास के विरोध में नहीं हैं, अपितु जो पंचायतें इसमें शामिल थीं वे सब इन नियमों से परेशान हैं। इस दौरान अवैरी से अश्वनी चौधरी, महालपट्ट की प्रधान आशा देवी, महाकाल के प्रधान राधा देवी, उपप्रधान बस्सी, कुंसल के उपप्रधान संजय राणा, कुकैना के उपप्रधान पवन कपूर, घोड़पीठ के प्रधान अंजू देवी, चमन कपूर, शुभम कपूर आदि कई अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### 5 पंचायतों के प्रतिनिधि बोले, पैराग्लाइडिंग विश्व कप का करेंगे विरोध

# पीएम के खिलाफ टिप्पणी करने पर राहुल पर दर्ज हो एफआईआर : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी व अधिवक्ता विश्व चक्षु ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणियों व बयानों को लेकर मंगलवार को धर्मशाला पुलिस थाने में पहुंच कर एफआईआर दर्ज करने को लिखित शिकायत पत्र दिया है।



विश्व चक्षु ने अपनी शिकायत में कहा है कि नेता प्रतिपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टप्पणियां पूरी तरह से मानहानि है। प्रधानमंत्री की छवि को खराब करने का प्रयास देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी किया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्नुज खरगे को लिखी चिट्ठी को भी शिकायत पत्र में साथ जोड़ा है। जिसके आधार पर यहां पर यह शिकायत पत्र दिया है। विश्व चक्षु ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने पद की गरिमा को भी तारतार कर रहे हैं व देश को विदेशों में भी बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी के बारे में कोई भी कोई भी टिप्पणी हो सकती है, लेकिन संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति यानि कि देश के प्रधानमंत्री पर किसी भी तरह की गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जो शिकायत पत्र उन्होंने पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज करवाया है उसके तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआइआर दर्ज हो अन्यथा वह आगामी कार्रवाई के लिए न्यायालय में कानून के तहत मामला लाएंगे।

# बीडीओ से की तकनीकी सहायक की शिकायत

## पंचायत सदस्यों ने कहा, अगर कर्मचारी का तबादला नहीं किया, तो पद से देंगे इस्तीफा

**अजय पाल, पंचरुखी**

सरकार द्वारा चलाई गई मनरेगा योजना से जहां सभी लोगों को रोजगार मिल रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों का भी बहुत विकास हो रहा है। लेकिन कुछ कर्मचारी अपनी मनमानी करके सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों को पूरा नहीं होने देते। विकास खंड पंचरुखी की ग्राम पंचायत मकोल की तकनीकी सहायक पंचायत में मनरेगा के कार्यों मे अपने पद का रौब दिखाकर पंचायत सदस्यों को ही प्रताड़ित कर रही हैं।



बुधवार को ग्राम पंचायत मकोल के पंचायत सदस्यों ने इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी पंचरुखी केएस राणा को लिखित रूप में दी। शिकायत पत्र में लिखा है कि जब से यह तकनीकी सहायक पंचायत में आई हैं, तब से पंचायत में कोई भी कार्य ढंग से नहीं हुए हैं। पंचायत में जो भी कार्य मंजूर होकर आते हैं, यह उन कार्यों का एस्टिमेट फील्ड में न जा कर घर से ही बना देती है, जिसके चलते बहुत सारे कार्य अधूरे रह जाते हैं। पंचायत सदस्यों ने कहा है कि जब भी इससे कार्य संबंधी कोई भी बात पूछी जाए तो उल्टा उन्हें जवाब सुनने को मिलता है। हमेशा अपने पद का रौब दिखाती है। सदस्यों ने कहा है कि पहले तो पंचायत में मनरेगा में काम करने वाले लोग परेशान थे, लेकिन अब इसने पंचायत सदस्यों को भी तंग करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कह कि अगर तकनीकी सहायक का यहां से तबादला नहीं किया गया तो वे सभी अपने पद से इस्तीफा दे देंगे।पंचायत सदस्यों मे प्रधान सरन राम, उपप्रधान उत्तम चंद, बार्ड सदस्य प्रकाश चंद, बार्ड सदस्य तमन्ना देवी, बार्ड सदस्य माया देवी मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं पंचायत के प्रधान

**पंचायत** प्रधान सरन राम ने कहा कि तकनीकी सहायक भारती गुलेरिया की मनमानी से पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जब किसी मीटिंग में बुलाएं तो वहां भी नहीं आती है, इसलिए मजबूर होकर हमें इसके तबादले को लेकर खंड विकास अधिकारी से शिकायत करनी पड़ी है।

### क्या कहते हैं बीडीओ

**उधर,** मामले में खंड विकास अधिकारी पंचरुखी केएस राणा ने कहा कि मकोल पंचायत की तकनीकी सहायक को लेकर पंचायत सदस्यों ने जो शिकायत की है, उसकी विभागीय जांच की जाएगी। उन्होंने जिन कार्यों में मनरेगा मजदूरों को तीस रुपए और पांच रुपए दिहाड़ी बनाई है, उसकी भी जांच होगी।

# सिने जगत



## 'देवरा' ने रिलीज से पहले ही कमा डाले 17 करोड़

*जनता गैरेज जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर कोरतल्ला शिवा की फिल्म 'देवरा-पार्ट वन' रिलीज के लिए तैयार है। 27 सितंबर को यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म का ट्रेलर भी लोगों को खूब पसंद आया है। जाह्नवी कपूर, सैफ अली खान और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म देवरा की एडवांस बुकिंग बीते रोज शुरू कर दी गई थी। पहले ही दिन की बुकिंग में देवरा ने अपनी धमाकेदार कमाई के संकेत दे दिए हैं। सेकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक देवरा ने एडवांस बुकिंग के पहले ही दिन 17 करोड़ रुपयों से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। अब इस कलेक्शन को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए तैयार है।*

### ट्रेलर को भी मिला जमकर प्यार

जाह्नवी कपूर और जूनियर एनटीआर पहली बार पर्दे पर रोमांस करते नजर आने वाले हैं। दोनों की इस जोड़ी को दर्शक भी खूब पसंद कर रहे हैं। फिल्म के गानों को भी लोग प्यार दे रहे हैं। बीते हफ्ते रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर ने भी लोगों को काफी उत्साहित कर दिया है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम किरदार निभाते हुए नजर आने वाले हैं।



देवरा के ट्रेलर को अब तक 4 करोड़ से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। अब फिल्म की एडवांस बुकिंग के आंकड़े भी सामने आने लगे हैं। इन आंकड़ों को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तूफान उठाने के लिए तैयार है।

## उर्मिला मातोंडकर लेंगी मोहसिन अख्तर से तलाक

### एक्ट्रेस ने पति को सोशल मीडिया से अनफॉलो किया

**बी** टाउन में बनते बिगड़ते रिश्तों का एक जंजाल देखने को मिल रहा है। अभी कुछ समय पहले नताशा स्टेनकोविक का उनके पति हार्दिक पांड्या से तलाक हुआ। फिर ईशा देओल के तालक की खबरें आईं और अब एक और बॉलीवुड सेलेब्रिटी के बीच रिश्तों में अनबन की खबर है। दरअसल उर्मिला मातोंडकर ने शादी के आठ साल बाद पति मोहसिन अख्तर मीर से तलाक लेने का फैसला किया है। हालांकि तलाक की असली वजह क्या है इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। कहा जा रहा है कि तलाक दोनों की सहमति से नहीं हो रहा है। तलाक की चर्चाओं के बीच अब कहा जा रहा है कि उर्मिला ने पति मोहसिन को सोशल मीडिया से अनफॉलो कर दिया है, जबकि मोहसिन अभी भी उर्मिला को फॉलो करते हैं।





### कौन हैं मोहसिन अख्तर मीर

*मोहसिन एक कश्मीरी बिजनेसमैन और मॉडल हैं। दोनों की मुलाकात कॉमन फ्रेंड और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के जरिए हुई थी। साल 2014 में मनीष मल्होत्रा की भतीजी की शादी में दोनों ने एक दूसरे को पहली बार देखा और फिर कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद 2016 में शादी कर ली।*

## हू-ब-हू माधुरी दीक्षित लगती थी यह एक्ट्रेस



**बॉलीवुड** में एक ऐसी हीरोइन आई थीं, जो माधुरी दीक्षित की हमशक्ल कहलाईं और सफल फिल्मों के बाद भी अपनी अलग पहचान बनाने में खासा कामयाब नहीं हो सकीं। साल 1992 में आई फिल्म जान तेरे नाम से डेब्यू करने के बाद यह अभिनेत्री 1990 के दशक में जाना-माना नाम बन गई थीं। यह एक्ट्रेस कोई और नहीं, बल्कि फरहीन खान हैं। अभिनेत्री फरहीन खान की तुलना अक्सर माधुरी दीक्षित से की जाती थी, क्योंकि उनके चेहरे की बनावट और हाव-भाव एक जैसे थे। ऐसे में उन्हें माधुरी की हमशक्ल कहा जाने लगा। 'जान तेरे नाम' की सफलता और गाने पहली बार देखा तुम्हें की लोकप्रियता के बावजूद, उनका करियर माधुरी की तरह ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच पाया। फरहीन कुछ और फिल्मों में भी नजर आईं और फिर गायब हो गईं। फरहीन खान ने 1993 में रिलीज हुई 'सैनिक' में अक्षय कुमार की बहन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनके किरदार को सराहा गया। बॉलीवुड के अलावा फरहीन साउथ की फिल्मों में भी खूब काम कर रही थीं और वहीं उन्हें असल सफलता भी मिली।

### शाहरुख संग काम का ऑफर ठुकराया

**साल** 1993 में ही उन्होंने कमल हासन के साथ फिल्म की, जिसका नाम 'कलैगनन' था। दिलचस्प बात यह है कि उसी साल फरहीन को शाहरुख खान के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म बाजीगर में सीमा का रोल ऑफर किया गया था, जो बाद में शिल्पा शेट्टी को मिल गया। हालांकि, उन्होंने इसके बजाय 'कलैगनन' में काम करना चुना, जो उस समय तमिल सिनेमा की सुपरहिट फिल्म कहलाई। फरहीन खान अब फिल्मों से दूर हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर के साथ शादी करने के बाद एक्टिंग से पूरी तरह किनारा कर लिया था।



## पेरिस फैशन वीक में दिखा सोनम कपूर का जलवा

### ब्लैक ड्रेस में ढाया कहर फैंस ने बताया 'क्वीन'

**पेरिस** फैशन वीक में पूरी दुनिया की ग्लैमर क्वीन्स हिस्सा लेती हैं। इस फैशन वीक में हिस्सा लेने वाली खूबसूरत एक्ट्रेस और मॉडल्स यहां अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती हैं। हाल ही में आयोजित पेरिस फैशन वीक में आलिया भट्ट ने यहां डिजाइनर गौरव गुप्ता की ड्रेस में अपनी खूबसूरती से समां बांधा। अब आलिया के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर भी सोशल मीडिया पर वाहवाही लूट रही हैं। सोनम कपूर ने भी पेरिस फैशन वीक में ब्लैक ड्रेस पहनकर अदाओं की बिजलियां गिराईं। सोनम कपूर ने इन तस्वीरों को भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन तस्वीरों को देख फैन्स ने भी सोनम कपूर की खूबसूरती की जमकर तारीफ की है। इतना ही नहीं फैन्स ने सोनम कपूर को फैशन [ीन तक कहा है।



### साल में 2 बार होता है पेरिस फैशन वीक

बता दें कि यूरोपीय देश फ्रांस की राजधानी पेरिस में फैशन वीक हर साल 2 बार आयोजित किया जाता है। एक बार जून के महीने में भी ये फैशन वीक आयोजित किया गया था। अब सितंबर में फिर से एक बार पेरिस फैशन वीक में दुनियाभर की हसीनाओं ने खूबसूरती का जलवा बिखेरा।

**संघर्ष** ने मुझे मनुष्य बनाया, मुझमें आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ, जो पहले मुझमें नहीं था। –**सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# यूपी की राह पर हिमाचल

हिमाचल में भी अब फास्टफूड, रेहड़ी और ढाबा मालिकों को अपनी आईडी और नाम लगाना जरूरी होने जा रहा है। कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह जानकारी देकर सोशल मीडिया पर सनसनी फैला दी है। यह सब संभव होने जा रहा है यूपी सरकार की देखादेखी में। दरअसल, यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने सबसे पहले होटल-ढाबों पर दुकान के असली मालिक की नेमप्लेट लगाने का आदेश जारी करने का फैसला लिया था। उसी फैसले से प्रेरित होकर विक्रमादित्य ने भी योगी के मॉडल को हिमाचल में लागू करने का मन बनाया। इसके पीछे की वजह कई हैं। यूपी में हाल ही में खाने में थूक मिलाने के कई वीडियो लगातार सामने आए हैं। इन पर काफी विवाद हुआ है। सहारनपुर में रोटी बनाते वक्त एक किशोर ने थूक मिला दिया था। गाजियाबाद में जूस विक्रेता ने पेशाब मिला दिया, तो वहीं, नोएडा में भी जूस विक्रेता ने थूक मिलाया था। इन घटनाओं से तंग आकर ही योगी सरकार ने नेमप्लेट लगाने का आदेश दिया था। यह आदेश विक्रमादित्य को भी भा गया और उन्होंने भी हिमाचल में इसी योजना को लागू करने की ठान ली। अगर हिमाचल में खाने-पीने की दुकानों और फास्ट फूड के मालिक अपना पहचान पत्र दिखाएंगे, तो निश्चित रूप से इससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

यह फैसला वाकई काबिलेतारीफ है। वर्तमान में प्रदेश में हिंदुओं और मुस्लिमों में नफरत की चिंगारी को शांत करने की दिशा में यह पासा बेहद कारगर साबित हो सकता है। शहरी विकास और नगर निगम ने इस आशय के आदेश पारित किए हैं। हिमाचल प्रदेश में बाजारों के लिए पॉलिसी निर्माण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कमेटी का गठन किया है। हिमाचल सरकार अब शीघ्र ही तहबाजारियों के लिए भी कानून बनाने जा रही है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में इस योजना का असर हो रहा है। नेमप्लेट वाला आदेश विवादों में भले है, लेकिन इसका प्रभाव जमीनी स्तर पर देखा जा सकता है। निश्चित तौर इस पर राजनीति भी खूब हो रही है, लेकिन इससे इतर लोगों ने दुकानों पर नेमप्लेट लगानी शुरू कर दी हैं। उत्तर प्रदेश में खान-पान केंद्रों पर संचालक, प्रॉपराइटर, मैनेजर का नाम और पता डिस्प्ले करना अनिवार्य किया गया है। रेस्टोरेंट में कर्मचारियों को मास्क और ग्लव्ज पहनना जरूरी होगा। होटल-ढाबों पर दुकान के असली मालिक की नेमप्लेट लगाने के कई फायदे हैं। इससे ग्राहकों को पता चलता है कि दुकान का असली मालिक कौन है, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है। मालिक की नेमप्लेट से उन्हें अपनी दुकान के लिए जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। ग्राहकों का विश्वास बढ़ता है और वे दुकान पर अधिक भरोसा करते हैं। अगर दुकान में कोई अनियमितता होती है तो नेमप्लेट से मालिक को कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। वहीं, इससे कर चोरी को रोकने में मदद मिलती है, क्योंकि मालिक को अपनी आय का खुलासा करना पड़ता है।

स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि मालिक अपने क्षेत्र में निवेश करते हैं। मालिक की नेमप्लेट से ग्राहकों की शिकायतों का निवारण आसानी से हो सकता है और इससे व्यापारिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा दुकान की विश्वसनीयता बढ़ती है। यही नहीं, इससे अनधिकृत व्यापार को रोकने में मदद मिलती है। होटल-ढाबों में खाने वाली चीजों में थूक और पेशाब मिलाना बिलकुल अनुचित और आपराधिक है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह समाज में नफरत और विभाजन को भी बढ़ावा देता है। इस तरह की गतिविधियां समाज में नहीं होनी चाहिए। लोगों को लगता है कि उनके साथ धोखा हो रहा है। थूक और पेशाब में कई तरह के जीवाणु और वायरस होते हैं जो खाने में मिलाने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इससे लोगों का होटल-ढाबों पर विश्वास कम हो सकता है और वे अपने स्वास्थ्य के लिए चिंतित हो सकते हैं। होटल-ढाबों में नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खाना स्वच्छ और सुरक्षित है। ग्राहकों के लिए शिकायत प्रणाली होनी चाहिए, ताकि वे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए कि खाने में थूक और पेशाब मिलाना आपराधिक है और इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और निर्देशक

**देवानंद** का पूरा नाम धर्मदेव आनंद भारतीय सिनेमा के शुरुआती दौर के प्रसिद्ध अभिनेता थे, जो जीवन भर सक्रिय और चर्चित रहे। वे अभिनेता के साथ-साथ निर्माता-निर्देशक भी थे। वे बॉलीवुड में 'देव साहब' के नाम से एक जिंदादिल और भले इंसान के रूप में प्रसिद्ध थे। कभी अपनी एक फिल्म में उन्होंने एक गीत गुनगुनाया था 'मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, हर फिक्र को धुंए में उड़ाता चला गया' और शायद यही गीत उनके जीवन को सबसे अच्छी तरह परिभाषित भी करता है। देव आनंद का नाम हिंदी सिने जगत् के आकाश में स्टाइल गुरु बनकर जगमगाता है। सदाबहार अभिनेता देव आनंद को लोग 'एवरग्रीन देव साहब' कह कर पुकारते हैं। सदाबहार देवानंद का जलवा अब भी बरकरार है। देव आनंद को अपनी पहली नौकरी मिलिट्री सेंसर ऑफिस (आर्मी करेस्पांडेंस सेंसर डिपार्टमेंट) में एक लिपिक के तौर पर मिली जहां उन्हें सैनिकों द्वारा लिखी चिट्ठियों को उनके परिवार के लोगों को पढ़ कर सुनाना पड़ता था। इस काम के लिए देव आनंद को 165 रुपए मासिक वेतन के रूप में मिला करता था जिसमें से 45 रुपए वह अपने परिवार के खर्च के लिए भेज दिया करते थे। लगभग एक वर्ष तक मिलिट्री सेंसर में नौकरी करने के बाद और परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए वह 30 रुपए जेब में लेकर पिता के मुंबई जाकर काम न करने की सलाह के विपरीत देव अपने भाई चेतन आनंद के साथ फ्रंटियर मेल से 1943 में मुंबई पहुंच गए। ■



देवानंद
जन्म : 26 सितंबर, 1923
मृत्यु : 3 दिसंबर, 2011

## अपनी बात

**बेरोजगारी** देश के संमुख एक प्रमुख समस्या है जो प्रगति के मार्ग को तेजी से अवरुद्ध करती है। यहां पर बेरोजगार युवक-युवतियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। स्वतंत्रता के 76 वर्षों बाद भी सभी को रोजगार देने के अपने लक्ष्य से हम मीलों दूर हैं। बेरोजगारी की बढ़ती समस्या निरंतर हमारी प्रगति, शांति और स्थिरता के लिए चुनौती बन रही है। हमारे देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। अशिक्षित बेरोजगार के साथ शिक्षित बेरोजगारों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। देश के 90 प्रतिशत किसान अपूर्ण या अर्द्ध बेरोजगार हैं, जिनके लिए वर्ष भर कार्य नहीं होता है। वे केवल फसलों के समय ही व्यस्त रहते हैं। शेष समय में उनके करने के लिए खास कार्य नहीं होता है। यदि हम बेरोजगारी के कारणों का अवलोकन करें, तो हम पाएंगे कि इसका सबसे बड़ा कारण देश की निरंतर बढ़ती जनसंख्या है। हमारे संसाधनों की तुलना में जनसंख्या वृद्धि की गति कहीं अधिक है जिसके फलस्वरूप देश का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। **विपिन, सदरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# नशाखोरी से बच्चों को दूर रखना अभिभावकों के लिए चुनौती

दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशाखोरी से युवा वर्ग दिशाविहीन होता जा रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को नशे की गर्त में जाने से कैसे बचाएं? यह उनके लिए सबसे बड़ी समस्या हो गई है। समझ नहीं आ रहा कि वे अपने बच्चों को नशे की चपेट में आने से कैसे बचाएं? दिन-प्रतिदिन नशेड़ियों के साथ घट रही अनहोनी घटनाओं को देखते हुए, वे अपने बच्चों को आपने घर से दूर विभिन्न शिक्षण-प्रशिक्षण में पढ़ने या ट्रेनिंग के लिए भेजने से कतराने लगे हैं। बुरी संगति के कारण युवा वर्ग नशे के चक्रव्यू में बुरी तरह से फंसता जा रहा है।

नशे के कारण कई घरों के चिराग बुझ गए तथा अनेक बसेरे हमेशा के लिए ही उजड़ गए। एक समय था जब नशा तंबाकू, भांग व शराब तक सीमित था, लेकिन अब भुक्की, हेरोइन, अफीम व चिट्टा आदि न जाने कैसे-कैसे जानलेवा नशे हैं। बताया जाता है कि यदि चिट्टा का नशा करने वाले को एक बार लत लग गई, तो वह तवाह हो जाएगा तथा कुछ समय बाद उसकी मौत निश्चित है। नशे का कारोबार तेजी से बढ़ने से अपराधों का ग्राफ भी बढ़ गया है। नशेड़ी व्यक्ति किसी भी हद तक गिर सकता है। नशे का आदी हो चुका नशेड़ी नशे में किसी घटना को अंजाम दे सकता है या नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। उसे अपना-पराया, छोटा-बड़ा, कुछ भी दिखाई नहीं देता। इसके लिए वह बड़े से बड़ा अपराध भी कर देता है। बुजुर्गों के अनुसार नशा करने वालों के घरों में दरिद्रता का बास होता है। उसके घर में सदैव धन का अभाव बना रहता है। घर में मूलभूत सुविधाओं की कमी रहती है तथा कलह-क्लेश बढ़ता है। उसका राह चलते भी हर किसी से झगड़ा होता रहता है। नशेड़ी का परिवार बुरी तरह से बिखर जाता है। उसे मां-बाप की परवाह भी नहीं होती।



लेखक : रामलाल पाठक
गांव निहारखन बासला (चिड़की)

आए दिन पत्नी से गली-गलौज व मारपीट करता है। इससे बच्चों के मन-मस्तिष्क पर बहुत बुरा असर पड़ता है। भाईचारे में उसकी कोई इज्जत नहीं होती। पास-पड़ोस में रहने वाले लोग उसकी हरकतों से परेशान रहते हैं। नशेड़ियों के परिवार हर समय परेशानी में रहता है। नशेड़ी के हो-हल्ला करने से परिजनों के लिए न खाने का समय होता है और न सोने का। इससे उनका मानसिक तनाव बढ़ता रहता था। ऐसी स्थिति में परिवार का कोई सदस्य आत्महत्या तक कर लेता है। शराबी के घर में सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। संयुक्त परिवारों के टूटने से बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। माता-पिता उनके पालन-पोषण व अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए रात-दिन व्यस्त रहते हैं। उनके पास अपने बच्चों पर नजर रखने के लिए प्रयाप्त समय नहीं होता। इसलिए उनमें अपनेपन की कमी रहती है। नतीजन ऐसे बच्चे बुरी संगति में फंस जाते हैं तथा अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं। संयुक्त परिवारों में बड़ों के प्रति आदर व छोटों के प्रति प्यार होता था।

इसलिए सभी के दिल में एक-दूसरे के प्रति मान-सम्मान भी होता था। बड़ा इसलिए कोई ऐसा काम नहीं करता था, जिससे छोटों पर बुरा असर पड़े। छोटों को बड़ों का डर रहता था, लेकिन अब छोटे परिवार हो गए हैं। मां-बाप अपने काम में जरूरत से ज्यादा व्यस्त है। इसलिए बच्चे मनमानी कर रहे हैं। जो बच्चे अपने भविष्य के बारे में सोचते हैं। वे ही जीवन में कुछ कर पाते हैं, लेकिन जो चलती-चलाते हैं, वे जीवन में बहुत बड़ा धोखा खाते हैं। अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए वे छिट-पुट नशा करना शुरू करता है। फिर धीरे-धीरे उसकी यह आदत बन जाती है तथा उसके स्वर्णमयी भविष्य अंधकार में बदल जाता है। यही नहीं कई बार ऐसे नशेड़ियों को अपनी जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ता है। नशे की यह प्रवृति पहले बीड़ी-सिगरेट, भांग व शराब तक सीमित थी। समाज में शराब पीने वाले व्यक्ति का कोई मान-सम्मान ही नहीं होता था। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से शराब पीता था, तो उसके बेटे या बेटी का रिश्ता करने में भी बड़ी मुश्किल से होती थी।

शराबी व्यक्ति से पूरा खानदान ही कलंकित माना जाता था, लेकिन अब शराब स्टेटस सिंबल बन गया है तथा विवाह-शादियां हो या अन्य कोई कार्यक्रम शराब का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। लोगों को यह कहते भी सुना जाता है कि जिस कार्यक्रम में शराब नहीं पिलाई जाती उस कारज को फीका ही समझा जाता है। बीड़ी सिगरेट पीना तो अब आम बात हैं। इसको प्रयोग में लाने के बाद मुंह से दुर्गंध आती है, यह दुर्गंध काफी देर तक रहती है, लेकिन अब ऐसे भी नशे उपलब्ध है, उनसे न दुर्गंध आती है और न ही आसानी यह पता ही लग पाता है कि सामने वाला व्यक्ति नशे में है। उसकी हरकतों से ही पता चलता है, यदि उसने नशे की डोज कुछ ज्यादा ले ली है। अन्यथा यह पता लगाना ही मुश्किल हो जाता है। ऐसे नशे मनुष्य को अंदर ही अंदर से खोखला कर देते हैं।

पिछले कई वर्षों से नशे का कारोबार बड़ी तेजी से फैल रहा है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि अब कुछ नेताओं व चंद पत्रकारों तक को भी नशा माफियों से जोड़ा जा रहा है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि वे ही उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। अब तक नशे करने से कई जानें चली गई है तथा कई घरों में हमेशा के लिए अंधकार छा गया है। अब तो ऐसे-ऐसे नशे उपलब्ध है। जिनका नाम तक भी आम आदमी को पता तक नहीं है। इसलिए यदि नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना है तो युवा पीढ़ी की चिंता करने वाले नागरिकों को एक-जुट होना पड़ेगा। ताकि रोकथाम के लिए कोई उपाय किया जा सकें। अन्यथा नशे के साथ ही अपराध भी बढ़ेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय हैं देश के नायक

गणित विषय में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने लखनऊ में राष्ट्र धर्म प्रकाशन नामक संस्थान की स्थापना की और अपने विचारों को जाहिर करने के लिए एक मासिक पत्रिका राष्ट्र धर्म को शुरू किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कई पुस्तकें लिखी जिनमें सम्राट चंद्रगुप्त, भारतीय अर्थनीति एक दिशा, जगदगुरु शंकराचार्य प्रमुख थी। यही नहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर 'दीन दयाल एक युग पुरुष' एक फिल्म भी बन चुकी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ था। भारतीय जनसंघ के सबसे महत्वपूर्ण नेताओं में से एक थे, वह पार्टी जो वर्तमान भारतीय जनता पार्टी में तब्दील हो गई। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बचपन में ही उन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया था और फिर उनका पालन-पोषण उनके मामा ने किया। उनका पूरा नाम दीन दयाल उपाध्याय था, लेकिन परिवार में उन्हें प्यार से दीना कहा जाता था। उन्होंने सीकर से हाई स्कूल किया। शिक्षा और सम्मान बोर्ड एग्जाम में पहला स्थान प्राप्त करने पर सीकर के तत्कालीन शासक महाराजा कल्याण सिंह ने उनकी योग्यता के सम्मान में एक स्वर्ण पदक, 10 रुपए की मासिक छात्रवृत्ति और उनकी किताबों के लिए 250 रुपए दिए। मैट्रिक करने के बाद दीनदयाल जी इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए पिलानी गए, जहां उन्होंने 1937 में न केवल बोर्ड परीक्षा में टॉप के साथ सभी विषयों में डिस्टिंक्शन मिली। दीन दयाल जी ने 1939 में सनातन धर्म कॉलेज, कानपुर से प्रथम श्रेणी में बीए किया और अंग्रेजी साहित्य में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा में प्रवेश ले लिया।

उनकी रुचि के विशेष क्षेत्र समाजशास्त्र और दर्शनशास्त्र थे। 1937 में आरएसएस में शामिल हुए और श्री नाना जी देशमुख और श्री भाऊ जुगाड़े से मिले। शिक्षा विंग में अपनी शिक्षा और ट्रेनिंग पूरा करने के बाद वह संघ के आजीवन प्रचारक बन गए। दीनदयाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से राजनीति में प्रवेश किया, 1951 से 1967 तक भारतीय जनसंघ के महासचिव बन गए और उसके बाद 29 दिसंबर 1967 को जनसंघ के अध्यक्ष बने। रचनात्मक लेखक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक रचनात्मक लेखक और एक प्रसिद्ध संपादक थे। वे 'राष्ट्र धर्म' दैनिक में एक पत्रकार थे, उन्होंने 'पांचजन्य' के संपादक के रूप में काम किया और साप्ताहिक 'ऑर्गेनाइजर' के लिए 'राजनीतिक डायरी' नामक एक कॉलम लिखा। पत्रकारिता के लिए उनका मंत्र था 'खबरों को तोड़ मरोड़ कर पेश मत करो'। उन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त, जगतगुरु शंकराचार्य, राजनीतिक डायरी, एकात्म मानववाद, एकात्म मानववाद और भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के सहित कई किताबें लिखीं।

मृत्यु लेकिन यहां उनका कार्यकाल अल्पकालिक था और केवल 43 दिनों के बाद राष्ट्रपति बनने के बाद 11 फरवरी, 1968 को 52 वर्ष की आयु में रहस्यमय परिस्थितियों में उन्हें मुगलसराय में एक रेलवे ट्रैक पर मृत पाया गया। पंडित दीनदयाल की मृत्यु अभी भी अनसुलझी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी राष्ट्र निर्माण के एक कुशल निवारक में से एक रहे हैं। उपाध्याय जी जनसंघ के राष्ट्रीय जीवन दर्शन के निर्माता माने जाते थे। उनका हमेशा से उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व-दृष्टि प्रदान करना ही था। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मृत्यु 11 फरवरी, 1968 को हुई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### जादुई बातें

गजल



रक्षा कुमारी
खनियारा खास, कांगड़ा

*बातें दिल की दिल में छुपाए बैठे हैं।*
*तन्हाई में खुद से दिल लगाए बैठे हैं।*
*जाने क्या है उसकी जादुई सी बातों में।*
*डूबकर उसमें खुद को ही भुलाए बैठे हैं।*
*जानते हैं हम यह उम्र नहीं इस शय की*
*मगर इश्क अपना आज हम भी आजमाए बैठे हैं।*
*झूम उठे हैं मेरे दिल के तमाम तार।*
*जाने वो सितमगर क्यूं ऐसा*
*नगमा गुनगुनाए बैठे हैं।*
*वो जो कहते हैं उन्हें नफरत है इश्क से।*
*और हम उनसे ही दिल लगाए बैठे हैं।*
*जो खुद आफताब लिए फिरते हैं चेहरे पे अपने।*
*उनकी ही राहों में हम चिराग जलाए बैठे हैं।*
*खार से उलझे हैं एक कशमकश लिए।*
*शहर नमक का है*
*और हम जख्म दिखाए बैठे हैं।*

# खतरे की जद में हिमाचल, भविष्य सुखद नहीं रहने वाला

राहू ने हिमाचल की कुंडली पर अपना डेरा जमा लिया है। जैसा जैसा घटित हो रहा है, उससे लगता है कि भविष्य सुखद नहीं रहने वाला। स्थिति बद से बदतर होने वाली है। समय सही नहीं है। बुरे दिन चले हुए हैं। भौगोलिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। पर्यावरणीय स्थिति गड़बड़ाई हुई है। राजनीतिक माहौल का स्वरूप बिगड़ा हुआ है। धार्मिक विद्वेष की चिंगारी भड़की हुई है। यह सब विद्वानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। शांत प्रदेश दहशत में है और इस दहशत ने देवभूमि की नींद हराम कर रखी है। गौर रहे, हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है। यह पश्चिमी हिमालय के आंचल में बसा हुआ है। इसकी भौगोलिक विभिन्नता अद्वितीय है। यहां की पर्वत श्रृंखलाओं की असमानता अपने आप में अजूबा है। समुद्र तल से सबसे कम ऊंचाई पर स्थित 350 मीटर पर ऊना शहर और किन्नौर जिले में समुद्र तल से 7025 मीटर सबसे ऊंची शिल्ला चोटी। यहां का जलवायु विविधता से परिपूर्ण है। कहीं झुलसा देने वाली गर्मी तो कहीं वर्षभर बर्फ।

हिमाचल की संरचना एवं भू स्वरूप में भिन्नता है। इसके 12 जिलों की भौगोलिक तासीर अलग-अलग है। कहीं भूमि समतल है तो कहीं पहाड़ी। कहीं मिट्टी दोमट है तो कहीं कुकराली। कहीं मिट्टी चिकनी है तो कहीं पत्थरीली। गठन और पूर्ण राज्यत्व के पश्चात हिमाचल में विकास का पहिया घूमने लगा। जिससे भौगोलिक संरचना छलनी होने लगी। प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ने लगा और बनावटीपन होने लगा। जल विद्युत परियोजनाओं ने राज्य को ही नहीं बल्कि पूरे देश को रोशन कर रही है, लेकिन इन्होंने हिमाचल की तासीर बिगाड़ कर रख दी है। हिमाचल में जल विद्युत परियोजनाएं इतनी चल रही है जिन्होंने नि: संदेह आर्थिकी और रोजगार बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, परंतु हिमाचल के मजबूत पहाड़ों को खोखला बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

आंकड़ों की तस्वीर तो देखिए, किन्नौर जिला में 22, चंबा में 14, शिमला में 9, लाहौल-स्पीति में 7, कांगड़ा में 7, कुल्लू में 7, मंडी में 6, सिरमौर में 3 और बिलासपुर में 2 जल विद्युत परियोजनाएं हैं। सीमेंट उद्योग राजबन (सिरमौर), एसीसी सीमेंट प्लांट बरमाणा (बिलासपुर), अंबूजा प्लांट दाड़लाघाट (सोलन) और जेपी सीमेंट कारखाना अब अल्ट्राटेक बागा (सोलन) में कच्चे माल के लिए कई पहाड़ खप गए हैं। जब से हिमाचल में फोरलेन बनाने का कांसेप्ट आया है तब से तबाही ही तबाही हो रही है। किरतपुर मनाली फोरलेन पर 28 टनल बनने वाली हैं जिनमें से 20 टनल बनकर तैयार हो गई हैं। कालका-शिमला फोरलेन पर 8 टनल बनने जा रही है। लगभग इतनी ही और टनल प्रस्तावित हैं।



लेखक : अनिल शर्मा नील
निचली भटेड़, बिलासपुर

टीहरा टनल हादसा, निर्माणाधीन संजौली टनल का गिरना और नेरचौक टकोली बाईपास पर निर्मित डयोड टनल के ऊपर बनी सड़क पर एक बहुत बड़ा गड्ढा पड़ना कोई शुभ संकेत नहीं हैं। या तो तकनीक सही नहीं है या फिर पहाड़ इन तथाकथित विकास कार्यों को सहने में असमर्थ हैं। वर्ष 2019 में बिलासपुर जिला के कठलग (करयालग) पहाड़ी का दरकना हो या शिमला में रिज का हर वर्ष धंसना या फिर किन्नौर जिला की निगुलसरी पहाड़ी का निरंतर गिरना डरा देने वाली घटनाएं हैं। भानुपल्ली बिलासपुर रेलवे क्या रंग दिखाता है, यह भविष्य के गर्भ में निहित है। फोरलेनों का धंसना और पहाड़ों का दरकना दर्शाता है कि हिमाचल के पहाड़ इन सब के लिए तैयार नहीं हैं। 'अति सर्वत्र वर्जयेत्'। मर्यादा की सीमाएं तोड़ी जा रही है और हिमाचल के साथ अति ही हो रही है। चाहे जल विद्युत परियोजनाएं हो या उद्योग। फोरलेन हो या अवैध खनन। बढ़ती आबादी के लिए आवास पेड़ पौधों के जीवन पर संकट आ जाता है। हर वर्ष जंगलों में आग लगने की घटनाओं ने भूमि की सतह को जला देती है। जिससे मिट्टी के कणों को आपस में पकड़ बनाए रखने की क्षमता समाप्त हो जाती है। इन सब से पर्यावरणीय स्थिति पर खतरा मंडराने लगा है। ऋतुओं में परिवर्तन आ रहा है।

गर्मी के मौसम में अत्यधिक गर्मी, सर्दी में अत्यधिक सर्दी और बरसात का तांडव किसी से छुपा नहीं है। गत दो तीन वर्षों से हिमाचल प्रकृति का कोप भुगत रहा है। बादल फटने जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। प्रलय से डर के साये में बसर कर रहा है हिमाचल। शांत हिमाचल के इतिहास में पहली बार कम्यूनल टेंशन का मामला दो व्यक्तियों के आपसी झगड़े की परिणति है। इनमें से एक हिंदू है और दूसरा मुस्लिम। इस झगड़े ने संजौली मस्जिद विवाद को जन्म दिया। राजनीति ने सियासत खेलनी शुरू कर दी। चिंगारी को हवा देनी आरंभ कर दी। बस फिर क्या! धरने-प्रदर्शन। आग लगाकर अब अपनी सियासी रोटियां सेंकने लगी है। इस विवाद ने पहले मंडी मस्जिद, फिर ऊना मस्जिद को अपने लपेटे में ले लिया। सौहार्द के माहौल को विद्वेष में बदल दिया है। बढ़ती जनसंख्या की वजह से बसाव, बढ़ती सड़कों के जाल, फोरलेन, फोरलेन के लिए टनल, सीमेंट कारखाने, बांध- डैम निर्माण, रेल ट्रैक आदि के भूमि का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। सब प्रकार के निर्माण कार्यों के लिए जेबीसी -पोकलेन के प्रयोग से भूमि की पकड़ (मजबूती) कमजोर या ढीली होती जा रही है। कारखानों से निकलता धुआं व वाहनों से निकलता धुआं पर्यावरण में कार्बन-डाईऑक्साइड बढ़ा रहा है। हर वर्ष वनों के जलने से पेड़ पौधों की संख्या कम होती जा रही है।

अवैध पेड़ कटान, अवैध खनन और अवैध डंपिंग ने पृथ्वी का स्वरूप ही बदल दिया है। सीमेंटीकरण भी कई चुनौतियों को जन्म दे रहा है। हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में फोरलेन निर्माण और सड़कों का चौड़ीकरण एक खतरनाक कदम है। कहीं विकास विनाश का सबब न बन जाए। हिमाचल की पावन धरती को सुरक्षित बनाए रखना चुनौती बन गया है। लोगों को कहीं पहाड़ी दरकने का भय सता रहा है, तो कहीं बादल फटने का। प्रकृति से छेड़छाड़ ने की सवालों को जन्म दिया है। सता लोलुपता की राजनीति ने धार्मिक विद्वेष को बढ़ावा दे रही है। विकास कार्य, पर्यावरण और राजनीति ने देवभूमि की अस्मिता को डरावना बना दिया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# प्रतिभाशाली शिक्षकों का कोई विकल्प नहीं

जैसे कहा भी जाता है कि आदर्श शिक्षक वह दिव्य ज्ञान ज्योति है, जिसके सानिध्य एवं शिक्षा के मार्गदर्शन में हर वह छात्र एवं युवा अपने सुनहरे भविष्य की नींव रखता है, और अगर शिक्षक बहु प्रतिभाशाली और होनहार मिल जाए तो,यह उस पाठशाला और छात्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। आज हम आप सभी के समक्ष क्षेत्र, समाज में अनेक ऐसे होनहार और प्रतिभाशाली शिक्षकों की भूमिका की चर्चा करना चाहेंगे, जिन शिक्षकों ने अपनी काबिलियत और हुनर से हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश भर में अपनी काबिलियत और समर्पण का लोहा मनवाया है।

यह कारवां वर्तमान में भी कायम है, जैसा कि हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है, जिसमें प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा उन तमाम होनहार और प्रतिभाशाली शिक्षकों को सम्मानित किया जाता हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन एवं कार्य किया है, जिसमें कि हिमाचल प्रदेश सरकार राजधानी शिमला में सम्मान समारोह आयोजित करती हैं। वहीं, केंद्र सरकार देश की राजधानी दिल्ली में भव्य समारोह आयोजित करती है, जिस सम्मान समारोह में सूबे के मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण, तो वहीं राष्ट्रीय स्तर के शिक्षक सम्मान समारोह में और भी अधिक गौरवमयी पलों का अहसास करवाता है। देश भर के अनेक शिक्षकों का मार्गदर्शन तो वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री, केंद्रीय आला अधिकारी एवं शिक्षाविदों इत्यादि से मुखातिब और मार्गदर्शन प्राप्त होना शायद हर शिक्षक के लिए गौरवशाली पल रहते होंगे, इसी परिप्रेक्ष्य में एक बेहतर और बहुमुखी प्रतिभाशाली शिक्षकों का कोई विकल्प नहीं हो सकता, क्योंकि शिक्षक वह आधार स्तंभ माना जाता है, जो छात्रों एवं युवाओं में उनके हुनर और पारखी नजर से तराशने का कार्य करता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

आदर्श शिक्षक में हर वह खूबी मानीं जातीं हैं, जिसके कारण वह हमेशा समाज और छात्रों को प्रेरित करने का प्रयास करता है। जिसके कारण हर वह मेहनती एवं उर्जावान छात्र अनेक क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान स्थापित करने का प्रयास करते हैं, जिसका श्रेय हर छात्र एवं युवा सर्वप्रथम अपने शिक्षक अर्थात गुरु को ही देता है, क्योंकि उसी शिक्षक के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में छात्र अपने जीवन को कहीं न कहीं सार्थक भी मानते हैं। वर्तमान में कहीं न कहीं शिक्षकों के प्रति भी मान-सम्मान और आदर की भावना जरूर कम हुई है, क्योंकि जिस प्रकार अनेक क्षेत्रों में शिक्षकों के व्यवहार और आचरण में भी कहीं न कहीं कमी आई है।

उसी प्रकार वर्तमान के छात्रों में भी गुरु शिष्य के सम्मान में कहीं न कहीं कमी देखने को मिलती हैं, परंतु फिर भी शिक्षक का स्थान ईश्वर से भी उच्च बताया गया है, अगर कोई शिक्षक अपनी ओजस्वी वाणी और निपुणता में परिपक्व हो तो शिक्षक स्थानीय विद्यालय एवं क्षेत्र समाज में शिक्षा के माध्यम से एक बड़ा परिवर्तन करने में सक्षम माना जाता है। वहीं अगर हम किसी भी अन्य क्षेत्रों में कार्य के संदर्भ में चर्चा एवं विश्लेषण करें, तो किसी भी क्षेत्र में इतना मान-सम्मान और वह बेहतर वातावरण उपलब्ध नहीं हो सकता जितना कि शिक्षा के क्षेत्र में देखने एवं सुनने को मिलता है। वहीं होनहार शिक्षक से क्षेत्र समाज को भी एक बड़ी उम्मीद और बेहतर अपेक्षा सदैव देखने को मिलती हैं। जैसे कहां भी जाता है कि (शिक्षक के गोद में ही भूत भविष्य और वर्तमान पलते हैं)अर्थात शिक्षक पर काफी हद तक निर्भर करता है कि वह किस प्रकार की भूमिका शिक्षा के क्षेत्र में अदा करता है। वहीं शिक्षक छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और वर्तमान को बेहतर करने के लिए सक्षम माना जाता हैं।

जानकारी अनुसार हिमाचल प्रदेश और देश के अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे अनगिनत शिक्षक रहे हैं और वर्तमान में भी मौजूद है और कदाचित भविष्य में भी मिलते रहेंगे, जिन्होंने अपने विद्यालय में बेहतर परिणाम और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक प्रकार का त्याग और कड़ी मेहनत से शिक्षक की अहमियत को बखूबी चरितार्थ भी किया। अनेक शिक्षकों का मानना यह भी रहता है कि शिक्षा को नौकरी का पेशा नहीं, बल्कि शिक्षा को सेवा का अवसर मानकर शिक्षा की ज्ञान ज्योति से अनेक होनहार छात्रों को तराशने का कार्य करना चाहिए, जिसमें अगर आप सफल होते हैं तो समय-समय पर क्षेत्र समाज में बेहतर परिणाम देखने को मिलते हैं। वे अपने छात्रों के लिए एक शिक्षक और देखभाल करने वाले की भूमिका निभाते हैं। कभी-कभी वे हमारे दोस्त भी बन जाते हैं और व्यक्तिगत समस्याओं में हमारी मदद करते हैं। नतीजतन, वे केवल एक शिक्षक की मदद से डॉक्टर, वकील, पायलट, वैज्ञानिक और बहुत कुछ बनते हैं। तो वहीं बेहतर शिक्षक को तब सबसे ज्यादा खुशी होती है जब उनका कोई शिष्य सर्वोच्च पद एवं समाज में अपनी अहम् भूमिका निभाते है, उससे बढ़कर शायद शिक्षक के लिए कोई अन्य गौरव हो नहीं सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### धलवाड़ी स्कूल में 75 छात्रों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, घनारी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय धलवाड़ी के लगभग 75 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां एवं दिशा-निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. दीपक शर्मा व डॉ. शिल्पा की अगुवाई में एएनएम उषा देवी तथा राहुल कुमार सहित स्वास्थ्य टीम पाठशाला पहुंची तथा बच्चों के साथ स्वास्थ्य शिक्षा पर संवाद किया। डॉ. दीपक एवं डॉ. शिल्पा ने बच्चों को स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने नाखूनों की सफाई, नेल पॉलिश का प्रयोग न करना, समय-समय पर बालों को काटना तथा जंक फूड का प्रयोग न करने जैसी हिदायतें दीं। इस मौके पर बच्चों के खून की जांच की गई। बच्चों की लंबाई एवं भार को भी मापा गया। मुख्य अध्यापक सुधीर गौतम ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर एसएमसी प्रधान विकास भारद्वाज एवं शिक्षक रजनी सरोज, विनोद शर्मा, सुमित भारद्वाज लालचंद, सीमा देवी, मित्तन कुमार उपस्थित रहे।

### टेबल टेनिस विजेता टीम का आज होगा स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंडर-19 जिला स्तरीय ब्वॉयज टूर्नामेंट में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायसरी की टीम ने टेबल टेनिस में जिले में पहला स्थान हासिल किया है। फाइनल मुकाबले में इस स्कूल ने जेएसएस विजडम स्कूल को हराया। इन बच्चों में साहिल, सचिन, नव, कृष, मोहित और आसूर्य शामिल हैं। जैसे ही टीम के प्रथम आने की सूचना विद्यालय में मिली, विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई है। वीरवार को इन बच्चों का स्वागत स्कूल में किया जाएगा। प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय इस टीम में प्रथम स्थान हासिल करने पर मौके पर ही साहिल और सचिन दो खिलाड़ियों को स्टेट के लिए चुन लिया गया है, बाकी तीन भी चुने जाने की संभावना उनके अभ्यास पर निर्भर करेगी। प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि के लिए बच्चों के अभिभावकों, स्टाफ सदस्यों, पीटीआई और डीपी को मुबारकबाद दी तथा बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए शिविर



**अनंत ज्ञान, ऊना/दौलतपुर चौक।** अंडर 14 ब्वॉयज टूर्नामेंट खंड स्तर पर जो आयोजित हुए थे, अब जिला स्तर पर खेलने के लिए इन बच्चों के अभ्यास के लिए एक चार दिवसीय कैंप सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुबारकपुर में शुरू हुआ। इस चार दिवसीय कैंप का उद्घाटन स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह ने किया, उनके साथ एडीपीओ ऊना भुल्लर तथा अन्य प्रशिक्षक प्रशिक्षक भी शामिल थे। इस शिविर में लगभग 70 बच्चे भाग ले रहे हैं और इन्हें गुर सिखाने के लिए 13 प्रशिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। इन चार दिनों में इन बच्चों हॉकी, फुटबाल, बास्केटबाल तथा कुश्ती आदि के गुर प्रशिक्षकों द्वारा सिखाए जाएंगे ताकि जिला लेवल की खेलों में बच्चे और ज्यादा दक्ष बन सकें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि इन बच्चों के रहने और खाने की व्यवस्था आदि भी स्कूल में की गई है। बच्चों की सुरक्षा तथा अनुशासन पर कड़ी नजर रखने के लिए अध्यापकों की ड्यूटी लगा दी गई हैं तथा आज से ही उनका अभ्यास शुरू हो गया है।

### हटली क्लब के प्रांगण में दशहरे पर लगेगा विशाल भंडारा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली के मीडिया प्रभारी विवेकशील शर्मा ने कहा कि श्रीराम नाटक क्लब हटली के मुख्य संरक्षक, समाजसेवी एवं शिव राम जनकल्याण समिति के अध्यक्ष रूमेल कुमार के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरे यानी 12 अक्तूबर को क्लब के परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विवेक शील शर्मा ने कहा कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रही हटली कल्ब में श्री रामलीला में हिमाचल प्रदेश की बुलंद आवास गायक डॉ. केशवानंद शर्मा को क्लब के म्यूजिक निदेशक भी हैं, नवरात्रों में साढ़े आठ बजे से नौ बजे तक मंच पर आरती के बाद मंडली के साथ कीर्तन करेंगे और श्री रामलीला में बेहतर लाइट और साउंड की व्यवस्थाएं देखेंगे। शर्मा ने कहा कि श्री रामनवमी के दिन शाम चार बजे श्री राम नाटक क्लब की झांकी रूमेल कुमार के घर गांव दनोह जाएगी। और भजन कीर्तन करने के बाद श्री राम नाटक कल्ब हटली के सभी पात्रों को भोजन करवाने के बाद कलामंच पर आएंगे। विवेक शील शर्मा ने कहा कि श्री राम नाटक कल्ब हटली में रूमेल कुमार लगातार 15 वर्षो से अपनी निजी आय से खर्च करके श्री राम नाटक क्लब हटली के कलामच परिसर में भंडारा करवा रहे हैं और भी क्लब को निजी आय से मदद करके क्लब को बुलंदियों तक लेकर जा रहे हैं। विवेक शील ने बताया कि क्लब के मुख्य सरक्षक रुमेल कुमार के आशीर्वाद से श्रीराम नाटक क्लब हटली राष्ट्रीय स्तर पर चंडीगढ़ में होने वाली श्री रामलीला प्रतियोगता में अपना नाम कमा चुका है।

# माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का आज होगा भव्य आगाज

## मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे शुभारंभ, विधायक सुदर्शन बबलू, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले के अंब में पहली बार आयोजित किए जा रहे माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का 26 सितंबर को भव्य आगाज होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह वीरवार को महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वह एसडीएम अंब के कार्यालय परिसर में माता श्री चिंतपूर्णी जी की पावन ज्योति का स्वागत करने के उपरांत सायं 4 बजे मेला मैदान अंब में महोत्सव का विधिवत आगाज करेंगे।

महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विधायक सुदर्शन बबलू, उपायुक्त जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बुधवार को मेला मैदान अंब का दौरा कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को महोत्सव में आने वाले लोगों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव से संबंधित सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। महोत्सव को सफल बनाने के लिए पूरे योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया है ताकि महोत्सव के दौरान लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

महोत्सव के पहले दिन लगभग 10 हजार से अधिक लोगों के आने का अनुमान है। उसी के मद्देनजर लोगों के बैठने और पार्किंग की व्यवस्था को जांचा गया। उन्होंने कहा कि पहले कुल्लू और मंडी जिलों में बड़े स्तर के कार्यक्रमों देखने को मिलते थे। लेकिन इस दफा पहली बार विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी में हो रहे इस माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस दौरान उपायुक्त जतिन लाल ने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता के साथ-साथ गाड़ियों की पार्किंग के लिए की गई व्यवस्थाओं को जांचा। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनका बेहतर मनोरंजन हो सके इसके लिए प्रशासन ने अपनी सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। पुलिस अधीक्षक ने सुचारु यातायात तथा कानून व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान अंब के एसडीएम सचिन शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



मेला स्थल पर तैयारियों को लेकर जायजा लेते विधायक बबलू और डीसी जतिन लाल।

### ये होंगे प्रमुख आकर्षण का केंद्र

वहीं, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों समेत देश दुनिया के नामी कलाकार प्रस्तुति देंगे, जो इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण होंगी। 26 सितंबर की संध्या को सूफी गायक सतिंदर सरताज अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 27 सितंबर को प्रसिद्ध पंजाबी गायक लखविंद्र वडाली अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे और 28 सितंबर को कुलविंदर बिल्ला अपनी प्रस्तुति से समापन संध्या को यादगार बनाएंगे। फूलों की होली, फीट ऑन फायर, महिषासुर मर्दिनी नृत्य, ड्रोन शो और व्हील चेयर डांस जैसी प्रस्तुतियां भी समारोह को चार चांद लगाएंगी। इसके अलावा हर दिन खेल गतिविधियां, सामाजिक जागरूकता और मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### डीसी ने दिया महोत्सव का न्योता

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिलावासियों समेत सभी लोगों को माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में पधारने का न्योता देते हुए बताया माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का शुभारंभ 26 सितंबर को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सायं 4 बजे करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशिष्ठ अतिथि व विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन बबलू विशेष अतिथि होंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 27 सितंबर की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री रैंक) आरएस बाली मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुदर्शन बबलू उपस्थित रहेंगे। 28 सितंबर को महोत्सव के समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे और सुदर्शन बबलू विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए विशेष थीम के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। तीनों सांस्कृतिक संध्याएं अलग-अलग सामाजिक मुद्दों को समर्पित होंगी। 26 सितंबर की संध्या को सुख आश्रय दिवस के रूप में, 27 सितंबर की संध्या को वृद्ध जन दिवस के रूप में और 28 सितंबर की संध्या को दिव्यांग जन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इन थीम्स का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना है।

## प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने पुनर्नियुक्ति का विरोध किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने कहा कि प्रवक्ता को प्रधानाचार्य बनने के लिए कम से कम 25 से 27 साल का समय लग जाता है, लेकिन इस प्रकार जो पुनर्नियुक्ति हो रही हैं, यह इतने लंबे समय से इंतजार कर रहे प्रवक्ता के लिए कुठाराघात रहेगा और साथ के साथ बेरोजगार युवाओं के लिए भी रोजगारी के रास्ते बंद होंगे।

जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बेली, महासचिव शशि पॉल सैनी, मुख्य संयोजक संजीव पराशर, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मल्होत्रा, वित्त सचिव अजय अहलूवालिया, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास रतन, राज्य उपाध्यक्ष वरुण लखनपाल, नीरज सौंध, अश्विनी कुमार, संदीप सैनी, संजीव चौधरी इत्यादि ने संयुक्त बयान में सरकार से आग्रह किया कि इस प्रकार की पुनर्नियुक्ति को पूर्ण पर बंद करना चाहिए और जल्द से जल्द प्रवक्ताओं की पदोन्नति का रास्ता खोलने चाहिए। इसके साथ-साथ सरकार से आग्रह किया कि इस दीपावली तक लंबित डीए और एरियर का एक मुफ्त भुगतान करके कर्मचारियों को दीपावली की तोहफा दें। यदि समय पर सरकार हमारी मांगों पर अमल करती है तो जिला प्रवक्ता संघ आपका आभारी रहेगा।

## पंडित दीनदयाल ने देश को एकात्म मानववाद विचारधारा दी : दविंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख एवं कार्यकर्ता के रूप में पहचान बनाने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने कार्यक्रम किया। इसमें कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने विशेष रूप से शिरकत करके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

उन्होंने पं. दीनदयाल के सरगम कार्यकाल को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धाजलि प्रदान की। दविंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वह भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। भुट्टो ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय पत्रकार होने के साथ-साथ चिंतक और लेखक भी थे। उनकी असामयिक मृत्यु से यह बात स्पष्ट है कि जिस धारा में वह भारतीय राजनीति को ले जाना चाहते थे, वह धारा हिंदुत्व की थी। इसका संकेत उन्होंने अपनी कुछ कृतियों में भी दे दिया था, इसलिए कालीकट अधिवेशन के बाद मीडिया का ध्यान उनकी ओर गया।



पं. दीनदयाल की जयंती पर भाजपा मंडल ने कार्यक्रम आयोजित किया।

इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, कुटलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के सचिव सूरम सिंह, जिला ओबीसी मोर्चा के महासचिव सतीश धीमान, सुशील रिंकू, अजय कुमार, राजेश कुमार, श्याम सिंह, अजीत सिंह, सुदर्शन शर्मा, सुभाष शास्त्री, राजेंद्र कुमार, रमेश चंद , शीषन ठाकुर के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पौधरोपण किया



घनारी। राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में पर्यावरण पखवाड़ा के उपलक्ष में मुख्याध्यापक सुधीर गौतम एवं एसएमसी प्रधान विकास भारद्वाज ने मोरिंगा (सहजन) का पौधा पाठशाला कैंपस में रोपित किया तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। पाठशाला में पर्यावरण पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतिदिन पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियां जैसे पाठशाला एवं उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली, पेंटिंग कंपटीशन, प्रार्थना सभा में पर्यावरण संरक्षण हेतु अध्यापकों द्वारा प्रेरक शब्द आदि अनेक गतिविधियां अमल में लाई जा रही हैं। इसी कड़ी में एसएमसी प्रधान तथा मुख्याध्यापक ने मोरिंगा (सहजन) का बच्चों को भी अपने घर में एवं खाली पड़ी जमीन में पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पाठशाला के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अनुराग के सहयोग से कोटला कलां गांव में लगी 237 स्ट्रीट लाइटें : सरजीवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव कोटला कलां अप्पर में एमपी लेड के तहत 237 सोलर लाइटें लगाई गई हैं। सूरज ढलते ही पूरा गांव सफेद रोशनी से जगमगा उठता है।



गांव के प्रधान सरजीवन ने बताया कि अप्पर कोटला कलां का आबादी क्षेत्र तक पहुंचने के लिए मेन हाईवे से तकरीबन दो किलोमीटर का सफर लोगों को रात के समय अंधेरे से होकर करना पड़ता था। कई बार गांव के लोगों ने सोलर लाइटें लगाए जाने का अनुरोध किया था। लोगों की मांग पर मैंने सांसद अनुराग ठाकुर से सोलर लाइटें लगवाए जाने के लिए विशेष अनुरोध किया था, जिसे सांसद अनुराग ठाकुर ने स्वीकार किया और गांव को एमपी लेड स्कीम के तहत 237 सोलर लाइटें उपलब्ध करवाई। सरजीवन ने कहा कि पिछले महीने लाइटों का स्टॉक गांव पहुंचा था, जिसे एक महीने में पूरे गांव की गलियों, सड़कों और चौराहों पर लगाया गया है। इससे गांव के लोगों को रात के अंधेरे में आने जाने में सुविधा हो रही है। गांव के अंदर दूधिया रोशनी का प्रकाश हर तरफ फैला हुआ है। लोगों में खुशी का माहौल है।

प्रधान सरजीवन ने कहा कि गांव में करोड़ों रुपए खर्च करके विकास कार्य करवाए गए हैं। लोगों की मांग अनुसार विकास कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों के निरंतर सहयोग से आने वाले समय में भी विकास करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## जेएनवी पेखूबेला में ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**ऊना।** जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में वर्ष 2025 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा हेतू ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को बढ़ाकर 7 अक्तूबर तक कर दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन एवं विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर भी संपर्क कर सकते हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला के प्राचार्य राज कुमार ने बताया कि पंजीकृत अभ्यार्थियों के लिए जेंडर में, श्रेणी में (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति), क्षेत्र में (ग्रामीण/शहरी), विकलांगता में और परीक्षा के माध्यम में सुधार पंजीकरण की अंतिम तिथि के बाद दो दिन तक सुधारीकरण विंडो खुली रहेगी।

## जोल उपतहसील में छह माह से चल रहा नायब तहसीलदार का पद खाली

### रजिस्ट्री, इंतकाल और बच्चों को प्रमाण पत्र बनाने के लिए आना पड़ रहा बंगाणा

**राजेश शर्मा, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की करीब 12 पंचायतों के हजारों परिवारों को राहत देने के लिए तत्कालीन वीरभद्र सरकार ने जोल को सब तहसील का दर्जा दिलाकर नायब तहसीलदार अधिकारी की स्थायी नियुक्ति करवाई थी, ताकि जनता और खासकर बच्चों को राजस्व एवं छोटे-छोटे प्रमाण पत्र बनाने के लिए बंगाणा न जाना पड़े।

मार्च माह में जोल उपतहसील के अधिकारी को सेवानिवृत्ति होने के बाद करीब छह माह से जोल उप तहसील में अधिकारी का पद खाली चल रहा है, जिससे जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ज्ञात रहे खुरवाई की मोमनियार से लेकर भिंडला तक करीब 12 पंचायतों के हजारों परिवार अब राजस्व कार्य करवाने के लिए बंगाणा आ रहे हैं और खासकर बच्चों को जिन्होंने स्कूल दाखिला या फिर भर्ती और सरकारी नौकरी के लिए प्रमाण पत्र तैयार करवाने होते हैं, उन्हें भी अब बंगाणा आना पड़ता है।



जोल उपतहसील कार्यालय का भवन।

गौर रहे उपमंडल बंगाणा मुख्यालय पर स्थित नायब तहसीलदार के पास जोल उपतहसील का अतिरिक्त कार्यभार है और एक सप्ताह में दो दिन बंगाणा उपमंडल के नायब तहसीलदार जोल उपतहसील जाकर जनता के कार्य करते थे, लेकिन अब तो उपमंडल बंगाणा मुख्यालय के नायब तहसीलदार का भी तबादला हो चुका है और जनता परेशान है।

वहीं, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि जनता की यह समस्या मेरे ध्यान में है और बहुत जल्दी जोल उपतहसील में नायब तहसीलदार की स्थायी नियुक्ति करके जनता की समय का हल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**जायजा** विधायक ने थानाकलां अस्पताल का किया निरीक्षण

## मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं : विवेक

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां का दौरा किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं जांची तथा स्वास्थ्य अधिकारियों को और ज्यादा बेहतर जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के आदेश दिए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि अस्पताल के मुख्य गेट पर तीन नई दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इनमें से एक दुकान में उचित मूल्य की दवाइयां जनता को सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगी। दुकानों के साथ एक लैब बनाई जाएगी, जहां पर मरीजों की हर प्रकार की खून जांच की रिपोर्ट मिलेगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि थानाकलां अस्पताल के साथ भी बीस पंचायतों के हजारों परिवार जुड़े हैं, जो कि स्वास्थ्य सुविधाएं ले रहे है। वहीं, मुख्य सड़क के साथ स्थित इस अस्पताल में आते जाते बाहरी राज्यों के लोग सैलानी भी समस्या होने पर रुक कर स्वास्थ्य सुविधाएं लेते हैं, ऐसे में थानाकलां के इस अस्पताल में और ज्यादा बेहतर सुविधाओं को देने पर हमने बल दिया है। एक तरफ दुकान पर कैंटीन का प्रबंध भी होगा, जो मरीज के साथ तिमारदार अस्पताल आते हैं, उन्हें सस्ते दाम पर चाय, नाश्ता और खाना मिलेगा। क्योंकि अस्पताल के साथ कोई भोजनालय न होने के कारण जनता को समस्या उत्पन्न होती है।



थानाकलां अस्पताल का निरीक्षण करते विधायक विवेक शर्मा।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर हमने बल दिया है। वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने थानाकलां अस्पताल का पूरा निरीक्षण किया और पानी की टंकियों आदि की जांच की और स्वच्छता पर कोई समझौता न होने और जनता को बेहतर सुविधाएं देने के कड़े आदेश दिए। विधायक ने बताया कि थानाकलां बाजार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, जहां जनता को सुलभ शौचालय की कोई सुविधा नहीं है, इसलिए हमने लोनिवि अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि थानाकलां बाजार में कहीं भी कोई सरकारी भूमि होगी, उसे जल्द चयनित करें। थानाकलां बाजार को सुलभ शौचालय से जोड़कर स्वच्छता को अपनाया जाएगा।

विधायक विवेक ने कहा कि सड़कों पर नारे लगाने और तख्तियों पर लिखने से भारत स्वच्छ अभियान सफल नहीं होगा। उसे सफल बनाने के लिए धरातल पर काम करना पड़ेगा। जिस प्रकार थानाकलां बाजार में दीवारों पर भारत स्वच्छ अभियान के स्लोगन दर्शाए गए हैं। इस से साफ झलक रहा है कि जो नेता लंबे अरसे तक कुटलैहड़ का नेतृत्व करते रहे, उन्हें यह ज्ञात नहीं हुआ कि थानाकलां बाजार को सुलभ शौचालय की भी जरूरत है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग अधिकारी केसी शर्मा, जगदीश शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## मॉडल प्रदर्शनी में थानाकलां और पिपलू स्कूल रहे अव्वल

**विनोद शर्मा, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां में खंड स्तरीय जिला आपदा प्रबंधन ऊना के बंगाणा खंड के विभिन्न स्कूलों ने सुरक्षित निर्माण के विषय पर मॉडल की प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसमें कनिष्ठ वर्ग में 8 स्कूलों व वरिष्ठ वर्ग में 15 स्कूलों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खंड अधिकारी सुशील कुमार की अध्यक्षता में इसका आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में थानाकलां पंचायत की प्रधान सरोज कुमारी विशेष रूप से उपस्थित थी। इस प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल में कनिष्ठ कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग के कंवर अभिषेक व हिमांशु शर्मा कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग बंगाणा तथा बलविंद्र सिंह प्रवक्ता स्थानीय विद्यालय के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विकास खंड अधिकारी सुशील कुमार ने सभी स्कूलों के प्रतिभागियों की प्रदर्शनी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सुरक्षित निर्माण के विषय की प्रदर्शनी का आयोजन अगर हर स्कूल में हो तो अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।



मॉडल प्रदर्शनी में हिस्सा लेती छात्राएं।

थानाकलां स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने प्रतिभागियों के कार्य की सराहना करते हुए जीवन में नए-नए अविष्कार करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर स्थानीय विद्यालय के शिक्षक व विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक उपस्थित थे। वरिष्ठ वर्ग में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां विजेता रहा व मंदली स्कूल उपविजेता रहा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बॉल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कनिष्ठ वर्ग में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीपलू ने पहला स्थान, गवर्नमेंट हाई स्कूल घरवासड़ा ने दूसरा स्थान एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेत तीसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने अतिथियों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### जर्मनी के खिलाफ सीरीज खुद को परखने का मौका : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्तूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने कहा, ''यह सीरीज दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह सीरीज इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।''



### भारत ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में मालदीव को 3-0 से हराया

**थिंपू।** स्थानापन्न खिलाड़ी हेमनीचुंग लंकिम के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से भारत ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप फुटबॉल में मालदीव को 3-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। चांगलीमिथांग स्टेडियम में ग्रुप-ए के अपने दूसरे और अंतिम मैच में सैमसन अहोंगशांगबाम ने 14वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई जबकि लंकिम ने 74वें और 89वें मिनट में गोल किए। इस जीत से भारत ग्रुप-ए में 6 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को 1-0 से हराया था। बांग्लादेश की टीम भी मालदीव से बेहतर गोल अंतर के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। भारत अब 28 सितंबर को पहले सेमीफाइनल में ग्रुप-बी (भूटान, पाकिस्तान या नेपाल) की उपविजेता टीम से भिड़ेगा।

### इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अफरीदी की टीम में वापसी

**लाहौर।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की इंग्लैंड के खिलाफ सात अक्तूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीज के लिए मंगलवार को घोषित पाकिस्तान की 15 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। अफरीदी को खराब फॉर्म के कारण इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। सीरीज का पहला टेस्ट मुल्तान में खेला जाएगा। टीम। शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद हुरैरा, सईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद, आमेर जमाल, नोमान अली, अबरार अहमद, मीर हमजा, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह।



### खूबसूरती में देती हैं एक्ट्रेस को टक्कर

**नई दिल्ली।** स्पेनिश फुटबॉलर एताना बोनमती एक स्टार खिलाड़ी होने के साथ-साथ बोनमती बला की खूबसूरत भी हैं। एताना बोनमती जितनी जबरदस्त खिलाड़ी हैं, उतनी ही ज्यादा खूबसूरत भी हैं। वह बिकनी पहनकर सोशल मीडिया पर आग लगा देती हैं। उनके सामने मॉडल्स भी चाय कम पानी नजर आती हैं।



# कानपुर टेस्ट में अश्विन के निशाने पर कई रिकॉर्ड्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश को चेन्नई टेस्ट में हराने में भारत के दिग्गज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने अहम भूमिका निभाई। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने टेस्ट करियर का छठा शतक (113) जड़ा और फिर दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए। इसकी बदौलत टीम इंडिया 280 रन से जीतने में कामयाब रही। यह अश्विन के टेस्ट करियर का 37वां पांच विकेट हॉल रहा और उन्होंने इस मामले में महान शेन वॉर्न की बराबरी की। अब उनसे सिर्फ श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन आगे हैं।

अब भारत को बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में दूसरा टेस्ट खेलना है और वहां परिस्थिति स्पिन गेंदबाजों को मदद कर सकती है। ऐसे में अश्विन कहर बरपा सकते हैं। ऐसे सात रिकॉर्ड हैं जो अश्विन कानपुर टेस्ट में बना सकते हैं।

**टेस्ट मैचों की चौथी पारी में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय**

अश्विन पहले से ही एक टेस्ट की चौथी पारी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। हालांकि, एक विकेट लेते ही वह टेस्ट की चौथी पारी में 100 विकेट पूरे कर लेंगे और वह इस मुकाम को छूने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओवरऑल वह ऐसा करने वाले छठे गेंदबाज बनेंगे। चेन्नई में अश्विन ने इस मामले में कुंबले को पीछे छोड़ा था। कुंबले ने चौथी पारी में 94 विकेट लिए थे, जबकि अश्विन के नाम 99 विकेट हैं। 60 विकेट के साथ बिशन सिंह बेदी तीसरे स्थान पर हैं।


फाइल फोटो

### डब्ल्यूटीसी इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए 8 विकेट की जरूरत

अश्विन को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन से आगे निकलने के लिए आठ और विकेटों की जरूरत है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत 2019 में हुई थी और तब से लियोन ने 187 विकेट लिए हैं, जबकि अश्विन 180 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। अश्विन लियोन को पीछे छोड़ सकते हैं।

### भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

**अश्विन** के पास भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का मौका है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर जहीर खान हैं। उन्होंने 31 विकेट लिए थे। अश्विन को भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए सिर्फ तीन और विकेटों की जरूरत है। अश्विन 29 विकेट के साथ लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं।

### चौथी पारी में दूसरा सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल

**अश्विन** ने चेन्नई में 7वीं बार किसी एक टेस्ट की चौथी पारी में पांच या इससे ज्यादा विकेट लिए। इस मामले में उन्होंने शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधरन की बराबरी की। अश्विन के पास कानपुर में वॉर्न और मुरलीधरन को पीछे छोड़ने का मौका होगा। उनसे आगे सिर्फ श्रीलंका के पूर्व स्पिनर रंगना हेराथ हैं। हेराथ ने टेस्ट की चौथी पारी में 12 बार फाइव विकेट हॉल लिया है।

# पंत फिर से टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष-10 में, रोहित और कोहली खिसके

**एजेंसी, दुबई**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए।

पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष-10 में अपना स्थान बरकरार रखा है, लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गए और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉले में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष-10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने 9 विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगाई और 8वें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं और उन्होंने असिथा फर्नांडो (700) को पछाड़ा जो दो पायदान खिसककर 13वें स्थान पर पहुंचे।

बल्लेबाजी रैंकिंग में कामिंडु मेंडिस 16वें और धनंजय डि सिल्वा आल राउंडर रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज हो गये हैं। वनडे रैंकिंग में अफगानिस्तान के युवा स्टार रहमनुल्लाह गुरबाज और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष-10 में पहुंचे। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान (668) वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में आठ पायदान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।


फाइल फोटो

**टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | जो रूट | इंग्लैंड | 899 |
| 2. | केन विलियम्सन | न्यूजीलैंड | 852 |
| 3. | डेरिल मिचेल | न्यूजीलैंड | 760 |
| 4. | स्टीवन स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 757 |
| 5. | जायसवाल | भारत | 751 |
| 6. | ऋषभ पंत | भारत | 731 |
| 7. | उस्मान ख्वाज | ऑस्ट्रेलिया | 728 |
| 8. | मोहम्मद रिजवान | पाकिस्तान | 720 |
| 9. | मार्नस लाबुशेन | ऑस्ट्रेलिया | 720 |
| 10. | रोहित शर्मा | भारत | 716 |

# सचिन का रिकॉर्ड न तोड़ने पर भी रूट इंग्लैंड के महान खिलाड़ी : बेल

**एजेंसी, जोधपुर**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज इयान बेल का मानना है कि जो रूट अगर सचिन तेंदुलकर के 15,921 रन के टेस्ट रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाते हैं तो भी वह टेस्ट क्रिकेट में उनके देश के सर्वकालिक महान बल्लेबाज बन जाएंगे।

रूट हाल ही में श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगकारा को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए थे। बेल ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अवसर पर कहा,''रूट ने पिछले 12 महीनों अविश्वसनीय रूप से शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे नहीं लगता कि वह भविष्य के बारे में बहुत कुछ सोच रहा है। वह उसी क्षण में जी रहा है जैसे हम जी रहे हैं।''

उन्होंने कहा,''सचिन जैसे महानतम खिलाड़ी के करीब पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि है। सचिन खेल का वास्तव में महान खिलाड़ी है, जिनको खेलते हुए देखकर हम बड़े हुए हैं। वह केवल भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए नायक हैं।'' इंग्लैंड की तरफ से 118 टेस्ट मैच खेलने वाले 42 वर्षीय बेल ने अपने पूर्व साथी के बारे में कहा,''यह सोचना भी बड़ी उपलब्धि है कि रूट सचिन के करीब पहुंच सकता है। वह सचिन का रिकॉर्ड तोड़ पाए हैं या नहीं, इसमें कोई संदेह नहीं कि वह इंग्लैंड के सर्वकालिक महान बल्लेबाज के रूप में जाने जाएंगे।''

रूट अभी 33 वर्ष के हैं और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 12402 रन बनाए हैं। इस तरह से वह तेंदुलकर के रिकॉर्ड से अभी 3519 रन पीछे हैं। बेल को लगता है कि इंग्लैंड के बहुचर्चित बैजबॉल दृष्टिकोण ने मौजूदा खिलाड़ियों की प्रतिभा को उजागर किया है।



**जो रूट अभी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड से 3519 रन पीछे**

# अगर मैक्कुलम तीनों प्रारूप में कोच बने तो वापसी को तैयार : स्टोक्स

**एजेंसी, चेस्टर ली स्ट्रीट**

इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैक्कुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने कहा, ''अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा।''

स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी। पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में भाग लेने के लिए उन्होंने संन्यास से वापसी की थी, लेकिन इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। फिटनेस से जुड़े मामलों के कारण वह इस साल जून में टीड-20 विश्व कप में नहीं खेले थे, जिसमें इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचा था।



इंग्लैंड ने पिछले कुछ समय में सीमित ओवरों की अपनी टीमों में नए खिलाड़ियों को जगह दी है और स्टोक्स ने कहा कि अगर मैक्कुलम यही पसंद करते हैं तो उन्हें युवाओं को टीम में जगह मिलने पर खुशी होगी। उन्होंने कहा,''हमारी सफेद गेंद वाली टीमों ने नई दिशा पकड़ ली है। हमने कुछ अविश्वसनीय प्रतिभाओं को सामने आते देखा है जैसे कि जैकब बेथेल, जो मुझे लगता है कि एक सुपरस्टार बनने जा रहा है।''

स्टोक्स ने कहा, ''मैंने इंग्लैंड की तरफ से सीमित ओवरों के कई मैच खेले हैं और खेल के इन प्रारूप में मैंने जो कुछ हासिल किया है उससे मैं बहुत खुश और संतुष्ट हूं। अगर मैं किसी भी तरह से इन टीमों का हिस्सा बनता हूं तो बहुत अच्छा लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो मुझे निराशा नहीं होगी। मैं तब आ आराम से बैठकर मैचों का आनंद ले सकता हूं।''

### भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ मैत्री मैच की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ फीफा मैत्री मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि एआईएफएफ ने अभी मैच के आयोजन स्थल पर कोई फैसला नहीं किया है और कहा कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। मलेशिया वर्तमान में फीफा (अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ) रैंकिंग में 132वें जबकि भारत 126वें स्थान पर है। दोनों टीमों की पिछली भिड़ंत अक्तूबर 2023 में हुई थी, जिसमें भारत को 2-4 से हार मिली थी।



# जैस्मिन ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर में तीन शॉट की बढ़त बनाई

**एजेंसी, गुरुग्राम**

जैस्मिन शेखर ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन के साथ यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली। पिछले साल पेशेवर बनने वाली 19 साल की जैस्मिन ने सात बर्डी और एक बोगी से छह अंडर 66 का स्कोर बनाया। जैस्मिन ने टूर पर कई बार की विजेता अनुभवी रिद्धिमा दिलावरी (69) पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

अनुभवी खिलाड़ी हिताषी बक्शी, ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद और टूर पर पिछली चार में से तीन प्रतियोगिता जीतने वाली विधात्री उर्स और गौरिका बिश्नोई तीनों एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।



# इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ

**एजेंसी, चेस्टर ली स्ट्रीट**

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था।

उससे पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया था और इस तरह से अब वह सीरीज में 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मैच शुक्रवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। बारिश के कारण खेल रोकने से पहले लियाम लिविंगस्टोन ने भी 20 गेंद पर नाबाद 33 रन की आक्रामक पारी खेली।



### महिला टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरू

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री बुधवार से शुरू हो गई है, जिसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (लगभग 114 रुपए) का है।

टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्तूबर को खेला जाएगा और इस तरह से प्रतियोगिता शुरू होने से केवल एक सप्ताह पहले टिकट बिक्री के लिए जारी किए गए हैं।

पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था, लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के चलते इसकी मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात को सौंपी गई।

आईसीसी ने बयान में कहा,'' टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर तय की गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (लगभग 910 रुपए) का है। जिस दिन दो मैच खेले जाएंगे उस दिन एक ही टिकट से दोनों मैच के लिए प्रवेश मिलेगा।''

## फुटबॉल

### नकुंकू की हैट्रिक से चेल्सी ने बैरो को 5-0 से दी मात

# मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया।


सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यून्स (38वें मिनट) रहे, जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिए टॉम इंस ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।

चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया। लीसेस्टर ने वॉल्सॉल से 0-0 से ड्रॉ खेलने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से जीत हासिल की। नकुंकू ने चेल्सी के लिए 15 मिनट के अंदर शुरुआती दो गोल किए और फिर 75वें मिनट में तीसरा गोल दागा। मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डिओला ने कहा कि वह इस सत्र में लीग कप को गंभीरता से नहीं लेंगे और इन मैचों का इस्तेमाल कुछ अनियमित खिलाड़ियों को लय देने के लिए करेंगे।

### मैड्रिड ने अलावेस को हराया

**मैड्रिड।** किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा, जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया।

एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया। एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए।


मुकाबले के दौरान मैनचेस्टर सिटी और वॉटफोर्ड के खिलाड़ी।